Postal Registration No. CHD/0107/2024-2026 Posted at MBU Chandigarh RNI No. CHABIL/2000/3469

हिन्दी/अंग्रेजी मासिक पत्रिका



दीन बन्धु सर छोटूराम

# जाट लहर

जाट सभा

सत्यमेव जयते

जाट सभा, चण्डीगढ़ के सौजन्य से प्रकाशित

वर्ष 25 अंक 11 30 नवम्बर, 2025 मूल्य 5 रुपये

प्रधान की कलम से

# POLICING IN INDIA AND ADMINISTRATIVE CHALLENGES



डा. महेन्द्र सिंह मलिक

Today Policing in India and Administrative Challenges is a major current issue that lies at the very heart of governance and public trust. The police is not merely a law enforcement agency; it is the visible face of the State, the first responder to citizens in distress, and the fou n dation of peace, order, and justice in our democracy. Yet, as India advances into the 21st century with rapid socio-economic transformation, the policing system faces complex administrative, social, and technological. Challenges that demand urgent reform and re-imagination.

**Evolution and Role of Policing in India**

Policing in India has a long and layered history. From the Mauryan "Amatyas" and Mughal "Kotwals" to the British Indian Police Act of 1861, the system has evolved but still carries colonial imprints. The 1861 Act designed policing as an instrument of control rather than service. Even after independence, although the goals of policing changed from ruling over people to serving them--the structure largely remained hierarchical and rigid.

Today, the police are entrusted with multifaceted responsibilities — maintenance of law and order, prevention and detection of crime, regulation of traffic, management of public gatherings, and increasingly, dealing with cybercrime and terrorism. Their role has expanded far beyond the conventional "thana" boundaries to include community engagement and crisis management.

As per BPR&D survey of 01st Jan 2024, State police sanctioned posts are 27.55 lakh and actual strength is 21.62 lakh; women remain under 10% but rising; vacancies are roughly six lakh. As per July 2024 reports of Union Reserve Context, the sanctioned strength of paramilitary forces in India is a little over 10.45 lakh and present strength is about 9.50 lakh (Lok Sabha reply, mid-2024). Similarly, Haryana Police Strength is 77000, vacancies more than 25000.

**Present Condition of Policing**

As per the UN benchmark, police force is of 222 per 1,00,000. Our Indian police forces are Overburdened and under-resourced and often work long hours, face inadequate housing, lack of training in modern investigation techniques, and carry the weight of public mistrust. The gap between expectations and resources fuels systemic stress that affects efficiency and morale. Inadequate strength and multifarious duties, burden of VIP duties effects efficiency of policing, No rules prescribed for separation of law & order and investigation of staff. Hardly any staff left out for investigation.

Policing today is not merely about catching criminals; it involves psychology, technology, and human rights. From cyber frauds to fake news, from mob lynching to gender crimes, challenges are dynamic and multidimensional. Indicative scale: cybercrime cases reached 86,420 in 2023 (+31.2% Year on Year, NCRB 2023); complaints on the National Cyber Crime Reporting Portal rose from 15.96 lakh (2023) to 22.68 lakh (2024) and 12 lakh in Jan–Jun 2025, implying an average rise of 40% per year since 2023 (MHA to Parliament). "False/fake news and rumours" cases totaled 1,087 in 2023.

Effective outcomes also require tight cooperation across the criminal justice chain: police, prosecution, and judiciary, with aligned case diaries, legal opinions, and court timelines.

शेष पेज–2 पर

शेष पेज–1

**Administrative Challenges:**

**a) Outdated Legal Framework**

All India Police Act 1861 is obsolete. It still governs most states. It prioritizes obedience and control over autonomy and service. The Model Police Act (2006) exists, but adoption is partial. Supreme Court directives on fixed tenure, complaints authorities, and separation of law and order from investigation remain uneven in practice, creating ambiguity and ad-hocism. Without modernization, accountability and professionalism stay constrained.

**b) Political Interference and Lack of Autonomy**

Frequent transfers, arbitrary postings, and political influence erode neutrality. Breach of fixed-tenure norms and transfer threats distort decisions and deter long-horizon investigations. Functional autonomy with institutional accountability is essential.

**c) Manpower and Infrastructure Deficit**

Skeletal staffing and dated tech hurt investigations. Lack of forensic capacity and modern communications pushes confession-based methods that risk miscarriages of justice. Investigation delays depress conviction rates; FSL backlogs persist. Cyber and financial-forensics skills are limited. Linkages with banks, telecom, FASTag, and other data rails are patchy, and digital chain-of-custody is fragmented. Tools needed: digital evidence analysis, CCTV networks, robust forensic support, and interoperable communications.

**d) Training and Sensitization**

There is a lack of proper training structure, inaptitude of trainers at all levels and no interest considered as sideline postings. Training still favors drill over skill. Curricula must cover human rights, gender sensitivity, cyber investigation, interviewing, financial trails, crisis negotiation and social behaviour. Shift to continuous refreshers, on the job monitoring, and supervision that builds a culture of skill and fairness. Make counseling integral.

**e) Workload and Welfare Issues**

Constables often work 14–16 hours without weekly rest. Fatigue reduces alertness and increases misconduct. Festival and election periods often mean no leave; plan rotations and compensatory off to prevent burnout. Housing, healthcare, rest days, and mental health support are operational necessities.

**f) Trust Deficit and Public Perception**

Instances of corruption, brutality, or political misuse damage legitimacy. Community-policing gaps widen mistrust. Transparency, grievance redressal, and visible accountability are required. Rationalize VIP-security deployment and stop non-core misuse of police force; these diversions reduce service to citizens and fuel distrust.

**Emerging Challenges in the Modern Era**

A cross-cutting constraint: Policing is often not treated as a planned subject in budgeting, leading to financial crunch and inequitable fund distribution across districts and functions.

**a) Cybercrime and Digital Policing**

Phishing, financial fraud, cyber bullying, ransom ware are rising. Indicative 2025 estimates show Karnataka around 2,500 cybercrime cases, Telangana around 2,100, and Uttar Pradesh around 1,200. Most stations lack cyber-trained personnel. Build digital investigation capacity, tie-ups with tech firms, and cyber cells down to rural areas. Ensure equitable funding so district cyber units are staffed, trained, and equipped

**b) Terrorism and Internal Security**

Counter-terror, radicalization, and organized crime require seamless coordination among NIA, IB, RAW, and state police. Intelligence-led policing with technology is key.

**c) Policing Protests and Social Media Misinformation**

Viral misinformation escalates crowds rapidly. Train for communication strategy and use social media for engagement, not suppression.

**d) Gender and Child Protection**

Violence against women and children exposes station-level insensitivity. Institutionalize Women's Help Desks, Child Protection Units, and gender sensitization. Strengthen response capacity with modern weapons, equipment, and vehicles where lacking.

**Reforms and the Way Forward**

**a) Legislative Reforms**

Adopt the Model Police Act (2006). Implement Prakash Singh v/s Union of India (2006) directives: Police Complaints Authorities, fixed DGP tenure, and separation of law and order from investigation.

**b) Community Policing**

Institutionalize participatory models like Janamaithri (Kerala), Meira Paibi (Manipur), and Mohalla Committees (Mumbai).Create joint community-liaison cells in border and tri-junction districts to defuse inter-district and inter-state jurisdiction disputes early and to keep citizens informed about which police unit is responsible.

**c) Technological Up gradation**

Digitize records, integrate with CCTNS, and use AI for predictive policing. Drones, body cams, and analytics improve transparency and efficiency. Ensure interoperable case transfer and data sharing across districts and states so jurisdiction issues do not stall investigations.

**d) Police-Public Interface and Accountability**

Set up independent Police Complaints Authorities. Use social audits, public dashboards, and RTI-based transparency. Make these autonomous oversight bodies actually operational: secure budgets, independent secretariats, notified rules of procedure, time-bound orders, and online publication of outcomes. Add single-window grievance lines that resolve inter-district/inter-state jurisdiction disputes within fixed timelines.

**e) Capacity Building**

Police academies should partner with universities and tech institutes for multidisciplinary curricula law, psychology, ethics, digital skills. Promote continuous learning. Aptitude test and specialized psychologists should be included in police recruitment system.

**f) Welfare and Motivation**

Better housing, health insurance, merit-based promotions, and counseling improve morale and humane service.

**Role of Administration and Civil Society.**

Policing does not operate in isolation. District Magistrates and SPs must work in harmony. NGOs and local bodies can aid awareness, victim rehabilitation, and community vigilance. Public cooperation multiplies force effectiveness.

**Conclusion**: Police is not a planned subject, rather it is a non-planned. Towards a Humane and Accountable Policing System Policing stands at a crossroads. Authority-based control must yield to service-oriented governance. A police officer is a guardian of human dignity. Reforms must be structural—legal, institutional, moral. Let us aim for police stations that are centers of justice and empathy; where citizens trust the police and the police take pride in duty. As Mahatma Gandhi said, "The best way to find yourself is to lose yourself in the service of others." True policing is service before self.

**Dr. M. S. Malik, IPS (Rtd.)**
President Jat Sabha Chandigarh, Panchkula and
Chairman, Ch. Chhotu Ram Sewa Sadan,
Katra-Jammu

# गुस्ताखी माफ हरियाणा

– पवन कुमार बंसल (मो० 8882828301)

**Country has forgotten philanthropist Seth Chhaju Ram Alakpuria who liberally donated in andolans of Mahatma Gandhi and Subash Chander Boos - after killing of Sandars Bhagat Singh has stayed in his Kolkata house- He deserves "Bharat Ratan"**



Seth Chhaju Ram, Alakhpuria should be given "Bharat Ratan". Unfortunately country has forgotten philanthropist who liberally donated in andolans of Mahatma Gandhi and Neta Ji Subash Chander Bos. Born in village Alakpura of Haryana he shifted to Kolkata where he set up his jute business and was known as jute king. He had shares in twenty four big companies of Kolkata .He liberally donated for educational and charitable institutions in Bhiwani Hisar, Haridwar and Rohtak. Once I had visited his ancestral house with his son P.K.Chaudhry in village Alakpura which has rich library and paintings. He participated in freedom movement by donating in andolans of Mahatma Gandhi and Subhash Chander Bos.After killing of Sandars Bhagat Singh had stayed at Kolkata residence of Chhaju Ram where Madan Chhaju Ram used to herself cook food for him. He sponsored the education of Sir Chhotu Ram.

# पुरुषार्थ

– डॉ. राजेन्द्र कुमार (मो० 9897821175)

भारत को धर्म–प्राण देश कहा जाता है क्योंकि हमारी संस्कृति धर्म–आधारित रही है। इसके पीछे हमारे मनीषियों की सोच थी कि धर्म ही मनुष्य को सन्मार्ग का दिग्दर्शन करा सकता है। इसलिए उन्होंने धर्म में आचार–विचार की शुद्धता अर्थात आचरण की शुद्धता पर बल दिया। मनुष्य के जीवन में भौतिक सुख की प्राप्ति आवश्यक है लेकिन हमारे ऋषि–मुनियों ने भौतिक सुख के साथ–साथ आध्यात्मिक सुख को भी महत्वपूर्ण माना है। उन्होंने हमें बताया कि मानव जीवन को नियमबद्ध, संयमित और आदर्शपूर्ण बनाना भी मनुष्य का कर्तव्य है। इसके लिए चार पुरुषार्थों धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का वर्णन किया गया है। इन पुरुषार्थों को शास्त्रकारों ने चतुर्वर्ग कहा और बताया कि इनके बल पर ही व्यक्ति अपने समस्त कार्य उत्साहपूर्वक करते हुए जीवन, जगत और उस परम सत्ता के प्रति अपनी कर्मनिष्ठता ज्ञापित करता है। ये चारों पुरुषार्थ मानव जीवन के साथ–साथ समाज के विकास के लिए भी अनिवार्य माने गये हैं। संक्षेप में कहा जाये तो इनमें पहले तीन पुरुषार्थों–धर्म, अर्थ और काम पर सदाचार या सद आचरण का बंधन अनिवार्य बताया गया है क्योंकि उसके बिना इन पुरुषार्थों को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। इन पुरुषार्थों से समन्वित जीवन, जिसे सदाचारी जीवन कहा गया है, मनुष्य के व्यक्तित्व को गरिमा प्रदान करता है। इसलिए सदाचार ही धर्म है। और, दुनिया के सभी धर्मों का सार भी सदाचार ही है। अन्तिम पुरुषार्थ–मोक्ष की प्राप्ति इसी से सम्भव है।

भारतीय चिन्तन पद्धति में मोक्ष को पुरुषार्थ, बल्कि जीवन, का अन्तिम उद्देश्य और सर्वोच्च माना गया है। मोक्ष प्राप्ति का उद्देश्य जीवन और मृत्यु के बंधन और संसार के आवागमन से मुक्त होना है। दूसरे शब्दों में बार–बार जन्म लेने (आवागमन) के बंधन से मुक्त होकर सच्चिदानंद स्वरूप परमात्मा के साथ आत्मा का एकाकार होना ही मोक्ष है। प्रायः सभी चिन्तकों ने मोक्ष को जीवन की अन्तिम परिणति माना है और अन्य तीन पुरुषार्थों को उसकी प्राप्ति का साधन माना है। मनुस्मृति में कहा गया है कि "आचारः परमो धर्मः श्रुत्युक्तः स्मार्त एव च। तस्मादस्मिनन्सदा युक्तो नित्यं स्यादात्मवान्द्विजः।"

अतः ठीक से और गरिमापूर्व जीवन जीने के लिए उसमें भोग और कामना ही नहीं वरन संयम, नियम, आदर्श विचार और व्यवहार भी अनिवार्य हैं। स्वार्थ लिप्सा और भौतिक सुख–समृद्धि ही आदर्श जीवन नहीं है, बल्कि मानव की कार्य पद्धतियां ऐसी होनी चाहिए कि वे उसे सात्विक, निःस्वार्थ और परसुखापेक्षी जीवन जीने का अवसर दें। धर्म वही है जिससे किसी दूसरे को कष्ट न पहुंचे वरन सुख ही प्राप्त हो। महाभारत के वन–पर्व में मानव–धर्म को परिभाषित करते हुए कहा गया है– "कर्षणार्थी हि धर्मो मित्राणमात्मनस्तथा। व्यसनं नाम तद् राजन न धर्मः स कुधर्म तत्।"

स्पष्ट है कि धर्म वह नहीं है जिसे आज हिन्दू, सनातन, मुस्लिम या ईसाई आदि से परिभाषित किया जाता है। बल्कि ये तथाकथित धर्म तो मनुष्य में से मनुष्यत्व का लोप कर रहे हैं, मानसिक अशान्ति उत्पन्न कर रहे हैं और जीवन और समाज में विकृति पैदा कर रहे हैं, मनुष्य से मनुष्य को लड़ा रहे हैं, अशान्ति फैला रहे हैं। इन्हें सम्प्रदाय कहना ही ठीक है

नवम्बर मास में हमारे समाज में पुरुषार्थ की प्रतीक दो पुण्यात्माओं का आविर्भाव हुआ, सेठ छाजूराम और सर छोटूराम। दानवीर संज्ञा से प्रतिष्ठित चौधरी छाजूराम ने अपनी प्रतिभा के बल पर भारी मात्रा में धन कमाया और उसे खुले दिल से मानव–कल्याणकारी कार्यों के लिए दान किया। उनके दान से अगणित शिक्षा संस्थाएं, छात्रावास, अस्पताल, गौशालाएं, बावड़िया और कुएं, तथा अन्य कल्याणकारी संस्थाएं स्थापित हुईं और वर्तमान में भी चल रही हैं। समाज ने उन्हें सेठ संज्ञा से विभूषित किया। हमारे समाज के चौधरी छोटूराम और शहीद भगत सिंह जैसे रत्नों को उनका सहयोग मिला। उनके द्वार पर जो भी कोई जरूरतमन्द आया, कभी खाली हाथ नहीं लौटा।

चौधरी छाजूराम मुह में चांदी की चम्मच लेकर नहीं जन्मे थे। अपने कठोर परिश्रम, ईमानदारी और अध्यवसाय से उन्होंने विशाल व्यापारिक साम्राज्य खड़ा किया और उससे प्राप्त आय को लोक कल्याण में लगाया। हिसार जिले के अलखपुरा गांव में एक साधारण किसान सालिगराम के पुत्र रूप में 28 नवम्बर 1861 को छाजूराम का जन्म हुआ। उस जमाने में इलाके में एकमात्र प्राइमरी स्कूल गांव से 11 किलोमीटर दूर बवानी खेड़ा में था, जहां 11 वर्ष की आयु में उनका दाखिला पहली कक्षा में कराया गया। बालक पहली कक्षा से ही प्रथम आने लगा। प्रथम श्रेणी से प्राइमरी पास करने के बाद सरकार से छाजूराम का वजीफा हो गया, जिससे पिता का हौसला बढ़ा और बालक को भिवानी पढ़ने के लिए भेज दिया गया, जहां आठवीं तक का स्कूल था। आगे पढ़ने के लिए रेवाड़ी के हाई स्कूल में भेजा गया जहां

से 1882 में दसवीं परीक्षा पास की। आगे की पढ़ाई लाहौर हो सकती थी जो परिवार के बूते से बाहर की बात थी। हाईस्कूल के पश्चात कई वर्ष नौकरी के लिए भटकने के बाद 1888 में कलकत्ते जाकर उन्होंने एक सेठ के यहां मुनीम की नौकरी कर ली, और सेठ से दलाली के गुर सीखकर दलाली शुरू कर दी। दलाली के साथ–साथ जूट और शेयर बाजार में भी उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और शीघ्र ही कई बड़ी कम्पनियों के भागीदार बन गये। उनका व्यापार दिन दूनी, रात चौगुनी वृद्धि करता चला गया और वे कलकत्ता की प्रमुख व्यापारिक हस्ती बन गये। परन्तु वे अपने गांव, इलाके या परिवेश को नहीं भूले। खुले हाथों परोपकारी भावना से उन्होंने अपने समाज, संस्थाओं, दलों तथा सरकार की सहायता की। वे कहते थे कि जितना मैं दान करता हूं ईश्वर मुझे दुगना करके देता है। जनता ने उन्हें दानवीर, भामाशाह और सेठ की उपाधियों से सम्मानित किया।

नवम्बर मास की 24 तारीख (1881) को हमारे समाज के चमकते सितारे किसान मसीहा चौधरी छोटूराम का जन्म हुआ था। उनका सारा जीवन स्वनिर्मित था। एक निर्धन किसान परिवार में उत्पन्न होकर, कठिन परिस्थितियों में उच्च शिक्षा प्राप्त करके संयुक्त पंजाब के मालमंत्री के साथ–साथ अविभाजित पंजाब के किंगमेकर बनना और रहबरे–आजम कहलाना सर छोटूराम के बूते की ही बात थी और यह प्रसिद्ध है कि यदि छोटूराम कुछ वर्ष और जीवित रह जाते तो पाकिस्तान का निर्माण किसी भी कीमत पर नहीं हो सकता था। वे स्वयं स्वाभिमान और निर्भीकता की प्रतिमूर्ति थे। एक चौथाई शताब्दी तक उन्होंने पंजाब के किसान–मजदूर समाज के उत्थान के लिए पंजाब की राजनीति में हलचल मचाये रखी।

संयुक्त पंजाब की सरकार में मंत्री रहते हुए उन्होंने किसानों और मजदूरों के लिए अनेक कानून बनवाये, जिनके आधार पर उनकी स्थिति सुधरी और उन्हें इज्जत के साथ समाज में रहना और जीना नसीब हुआ। इतिहास गवाह है कि किसानों के लिए जितना कार्य चौधरी छोटूराम ने किया उतना किसी अन्य ने नहीं किया। उस जमाने में उत्तर भारत का किसान गरीब, लुटा–पिटा और अत्यन्त पिछड़ा था, उसमें आत्मविश्वास पैदा करने का बहुमूल्य कार्य चौधरी छोटूराम ने किया। किसान को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा था– "तू ऐसा मत समझ कि तू कुछ भी नहीं है। तेरे भीतर पहाड़ की मजबूती छिपी है, तूफान की तेजी वास करती है और बाढ़ की ताकत मौजूद है, नदी का वेग छिपा है..... तू ही पीर और मुरीद, गुरु और चेला, मालिक और बन्दा, स्वामी और दास, शासक और शासित सब–कुछ है। पर तेरी हीन भावना और हीन विचारों ने तेरा बेड़ा गर्क कर रखा है। कम–से–कम अपनी बात कहनी तो सीख ले।" वे न केवल पंजाब के बल्कि सारे उत्तर भारत के शोषित–दलित किसानों के उद्धारक के रूप में प्रतिष्ठित हुए।

बीए और एल.एल.बी की पढ़ाई के दौरान सेठ छाजूराम ने उनकी आर्थिक मदद की थी और उन्हें वकालत के माध्यम से जन सेवा करने का सुझाव दिया था। इसलिए चौधरी छोटूराम सेठ छाजूराम का पिता की तरह आदर करते थे। माना जाता है कि यदि चौधरी छाजूराम नहीं होते तो चौधरी छोटूराम भी रहबरे–आजम नहीं होते और यदि वे रहबरे–आजम नहीं होते तो आज किसानों के पास अपनी जमीन नहीं होती, और वे उस तरह अपने अधिकार की मांग नहीं कर पाते जैसे अब करते हैं।

# दानवीर सेठ शिरोमणी चौधरी छाजूराम लांबा

– जयपाल सिंह पुनियां, एम.ए. इतिहास,
वन मंडल अधिकारी (सेवानिवृत) (मो० 9466110050)

दानवीर सेठ चौधरी छाजूराम लांबा के पूर्वज झूंझनू (राज.) के निकटवर्ती गांव गोठड़ा से आकर भिवानी जिले के ढ़ाणी माहू गांव में बसे थे। इनके दादा चौधरी मणीराम ढ़ाणी माहू को छोडकर सिरसा में जा बसे। लेकिन कुछ दिनों के बाद इनके पिता चौ. सालिगराम सन् 1860 में भिवानी जिले के अलखपुरा गांव में बस गए थे। यहीं पर चौधरी छाजूराम का जन्म 28 नवम्बर 1861 में हुआ था। गांव अलखपुरा में आने पर इनका परिवार पूर्णतया खेतीबाड़ी पर निर्भर रहकर बड़ी कठिनाई से गुजर बसर कर रहा था।

**शिक्षाः**

चौधरी छाजूराम ने अपने प्रारंभिक शिक्षा बवानीखेड़ा के स्कूल से प्राप्त की। मिडल शिक्षा भिवानी से पास करने के बाद उन्होंने रेवाड़ी से मैट्रिक की परीक्षा पास की। मेधावी छात्र होने के कारण इनको स्कूल में छात्रवृतियां मिलती रहीं लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण आगे की शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाए। इनकी संस्कृत, अंग्रेजी, महाजनी, हिंदी और उर्दू भाषाओं पर बहुत अच्छी पकड़ थी। लेकिन फिर भी रोजगार की तलाश में लगे रहे।



*यदि कोई व्यक्ति मौन है तो उसके मौन को हल्के में ना लें, क्योंकि मौन के दो अर्थ होते हैं या तो बंदा कुछ नहीं जानता या बहुत कुछ जानता है।*

टयूशन पढ़ाने लगेः

उस समय भिवानी में एक बंगाली इंजीनियर एसएन रॉय साहब रहते थे, जिन्होंने अपने बच्चों की ट्यूशन पढ़ाने के लिए चौधरी छाजूराम को एक रूपया प्रति माह वेतन के हिसाब से रख लिया। जब सन् 1883 में ये बंगाली इंजीनियर अपने घर कलकत्ता चले गए तो बाद में चौधरी छाजूराम को भी कलकत्ता बुला लिया। जिस पर इन्होंने इधर–उधर से कलकत्ता के लिए किराए का जुगाड़ किया तथा इंजीनियर साहब के घर पहुंच गए। वहां भी उसी प्रकार से उनके बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने लगे। साथ–साथ कलकत्ता में मारवाड़ी सेठों के पास आना–जाना शुरू हो गया, जिन्हें अंग्रेजी भाषा का बहुत कम ज्ञान था। लेकिन चौधरी छाजूराम ने उनकी व्यापार संबंधी अंग्रेजी चिट्ठियों के आदान–प्रदान में सहायता शुरू की, जिस पर मारवाड़ी सेठों ने इसके लिए मेहनताना देना शुरू कर दिया। कुछ ही दिनों में चौधरी छाजूराम मारवाड़ी समाज में एक गुणी मुंशी तथा कुशल मास्टर के नाम से विख्यात हो गए।

महान व्यापारी बनेः

इसी दौरान व्यापारी पत्र व्यवहार के कारण उन्होंने व्यापार संबंधी कुछ गुर भी सीख लिए जो उन्हें उस समय के एक महान व्यापारी बनाने में सहायक सिद्ध हुए। कुछ समय बाद उन्होंने बारदाना (पुरानी बोरियों) का एक छोटा सा व्यापार शुरू कर दिया। यह पुरानी बोरियों का क्रय–विक्रय उनके लिए एक वरदान साबित हुआ, जिसके लाभ से उन्होंने धीरे–धीरे कलकत्ता में कंपनियों के शेयर खरीदने शुरू कर दिए। परिणाम स्वरूप उनकी गिनती भी व्यापारियों में होने लगी। ऐसा करते–करते एक दिन उन्होंने अपनी लग्न, परिश्रम व बुद्धि बल से कलकत्ता का जूट का व्यापार पूर्ण रूप से अपने हाथ में ले लिया और वह दिन आ गया जब लोग उन्हें जूट का बादशाह (जूट किंग) कहने लगे। और इसी कारण चौधरी छाजूराम को लोग एक सेठ की हैसियत से करोड़पतियों में जाने जाने लगे। कलकत्ता की 24 बड़ी विदेशी कंपनियों के यह सबसे बड़े शेयर होल्डर थे। कुछ ही समय में वे 12 कंपनियों के निदेशक बन गए। उस समय इन कंपनियों से 16 लाख प्रति माह के हिसाब से लाभांश प्राप्त हो रहा था। इसलिए पंजाब नेशनल बैंक ने इनको अपना निदेशक रख लिया परंतु काम की अधिकता होने के कारण कुछ समय के बाद इन्होंने त्यागपत्र दे दिया। 24 कंपनियों के 75 प्रतिशत हिस्से सेठ चौधरी छाजूराम के थे और इनका करोड़ों रूपया बैंक में जमा था। याद रहे ये सेठ घनश्याम दास बिड़ला के घनिष्ट पारीवारिक मित्र थे और पीछे से राजस्थानी संबंध होने के कारण श्री बिड़ला के बच्चे इन्हें नाना कहा करते थे। एक समय आ गया, जब सेठ छाजूराम की कलकत्ता में छह शानदार कोठियां थीं।

इसके अलावा उन्होंने अलखपुरा व हांसी के पास शेखपुरा में भी दो शानदार महलनुमा कोठियां बनवाईं। गांव शेखपुरा, अलीपुर, कुम्हारों की ढ़ाणी, कागसर, मोठ, जामणी व अलखपुरा गांव में इनकी कई हजारों बीघा जमीन थी। पंजाब के खन्ना में रूई तथा मूंगफली का तेल निकालने के कारखाने थे। इन्होंने रोहतक में चौधरी छोटूराम के लिए नीली कोठी का निर्माण किया जो आज भी रोहतक के बीचों बीच उसी रंग में खड़ी है, जो वर्तमान में चौधरी वीरेंद्र सिंह डूमरखां के अधिकार में है। याद रहे, चौधरी छोटूराम को एफ.ए. के बाद शिक्षा दिलाने वाले चौधरी छाजूराम ही थे, जिसका संक्षेप में अर्थ है कि सेठ छाजूराम नहीं होते तो चौधरी छोटूराम दीनबंधु नहीं होते और यदि दीनबंधु नहीं होते तो आज किसानों के पास जमीन भी नहीं होती। यह भी याद रहे कि जब भारत में पहली बार सन् 1913 में रोल्स रायस कार आई तो चंद राजाओं को छोडकघ्र कलकत्ता में पहली कार उनके बड़े सुपुत्र सज्जन कुमार ही लाए थे, जिसकी कीमत उस समय एक लाख रूपए थी।

पारिवारिक जीवनः

सेठ छाजूराम का विवाह बाल्यावस्था में डोहका गांव जिला भिवानी में हुआ था लेकिन विवाह के कुछ समय बाद ही इनकी पत्नी का देहांत हैजे की बीमारी के कारण हो गया। दूसरा विवाह सन 1890 में भिवानी जिले के ही बिलावल गांव में रांगी खानदान में हुआ, जो दोनों ही गांव सांगवान खाप में आते हैं। इनके तीन पुत्र हुए, जिसमें सबसे बड़े सज्जन कुमार थे, जिनका युवावस्था में ही स्वर्गवास हो गया। उसके बाद दो लड़के महेंद्र कुमार व प्रदुमन कुमार थे। उनकी बड़ी बेटी सावित्री देवी मेरठ निवासी डॉ. नौनिहाल से ब्याही गई थी। एक पुत्र और एक पुत्री बाल्यावस्था में ही ईश्वर को प्यारे हो गए थे।

महान दानीः

सेठ चौधरी छाजूराम की दान क्षमता उस समय भारत में अग्रणी थी। कलकत्ता में रविन्द्र नाथ टैगोर के शांति निकेतन विश्वविद्यालय से लाहौर के डीएवी कॉलेज तक उस समय ऐसी कोई संस्था नहीं थी, जिसमें सेठ छाजूराम ने दान न दिया हो। चाहे वह हिंदू विश्वविद्यालय, बनारस हो, गुरूकुल कांगड़ी हो या फिर रोहतक या हिसार की जाट संस्थाएं। हिसार का वर्तमान जाट कॉलेज व सीएवी स्कूल

आदि तो पूर्णतः उन्हीं द्वारा बनवाए गए। इसके अतिरिक्त उन्होंने अनेकों गौशालाएं और गुरूकुल बनवाए। महाराजा भरतपुर के आर्थिक संकट में इन्होंने दो लाख रूपए का अनुदान दिया तो प्रथम विश्वयुद्ध में गांधी जी के कहने पर इन्होंने अंग्रेजों के युद्ध फंड में एक लाख चालीस हजार रूपए का अनुदान दिया। उस समय के लगभग सभी बड़े कांग्रेसी नेताओं को इन्होंने दान दिया था। महात्मा गांधी से लेकर पंडित मोतीलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, मदन मोहन मालवीय, जवाहर लाल नेहरू, सरदार पटेल, राजगोपालाचार्य, कृपलानी, जितेंद्र मोहन सैन गुप्ता तथा श्रीमती नेली सेन गुप्ता आदि दान लेने वालों में शामिल थे।

जब एक बार लाला लाजपत राय को कलकत्ता में पैसे की जरूरत पड़ी तो उन्होंने 200 रूपए की मांग सेठ चौधरी छाजूराम से की तो उन्होंने 200 रूपए की बजाय 2000 रूपए उदारतापूर्वक भेज दिए। इसके अतिरिक्त कलकत्ता से लेकर पंजाब के बीच जब भी कोई काल पड़ा, सेठ जी ने दिल खोलकर पशुओं के चारे व इंसानों के अनाज के लिए कई बार योगदान देकर अनेकों जानें बचाईं। सेठ चौधरी छाजूराम की दान सूची बहुत बड़ी है, जिसको इस लेख में लिख पाना संभव नहीं है। लेकिन सेठ चौधरी छाजूराम अक्सर कहा करते थे रू मैं वह काम (व्यापार) कर रहा हूं, जो कभी किसी ने मेरी जाति में नहीं किया और जितना भी मैं दान देता हूं, ईश्वर मुझे उससे कई गुना बढ़ाकर लौटा देता है।

जहां तक भिवानी कस्बे का प्रश्न है, सेठ चौधरी छाजूराम ने वर्ष 1911 में पांच लाख रूपए की लागत से अपनी स्वर्गीय बेटी की यादगार में लेडी हैली हॉस्पीटल बनवाया, जिस जगह पर आज चौधरी बंसीलाल सामान्य अस्पताल खड़ा है। इसी के साथ–साथ उन्होंने भिवानी में एक गौशाला और एक प्राईमरी स्कूल का भी निर्माण करवाया था। आज उसी गौशाला की जमीन पर भिवानी के बीचों–बीच गौशाला मार्केट बनी हुई है और उसी गौशाला की यादगार का एक गेट शेष है, जिस पर सेठ चौधरी छाजूराम व उनके बेटे सज्जन कुमार का नाम अंकित है। जब सन् 1928 में भयंकर अकाल पड़ा तो भिवानी शहर की जनता पानी की एक–एक बूंद के लिए तरस रही थी। जिस पर भिवानी तहसील के तहसीलदार घासीराम, पंडित नेकीराम शर्मा और श्री श्रीदत्त वैद्य कलकत्ता में सेठ छाजूराम के पास पहुंचे और भिवानी की व्यथा बतलाई तो सेठ छाजूराम ने उनको पानी की व्यवस्था के लिए कुएं व बावडियां बनवाने के लिए तीन लाख रूपए दिए। लेकिन आज अफसोस है कि उस महान दानदाता का हिसार को छोड़कर कहीं भी स्मारक व मूर्ति नहीं लगी।

महान देशभक्तः

सेठ छाजूराम केवल दानदाता ही नहीं थे, वे एक महान देशभक्त भी थे। जब 17 दिसंबर, 1928 को भगतसिंह ने अंग्रेज अधिकारी सांडर्स की गोली मारकर हत्या की तो वे दुर्गा भाभी व उनके पुत्र को साथ लेकर पुलिस की आंखों में धूल झोंकते हुए रेलगाड़ी द्वारा लाहौर से कलकत्ता पहुंचे और कलकत्ता के रेलवे स्टेशन से सीधे सेठ छाजूराम की कोठी पर पहुंचे, जहां सेठ साहब की धर्मपत्नी वीरांगना लक्ष्मीदेवी ने उनका स्वागत किया और एक सप्ताह तक अपने हाथ से बना हुआ खाना खिलाया। उसके बाद दुर्गा भाभी अपने बच्चे को लेकर कहीं और चली गई, लेकिन भगतसिंह लगभग ढ़ाई महीने तक उसी कोठी की ऊपरी मंजिल पर रहे, जो उस समय ऐसी कल्पना करना भी संभव नहीं था। इससे स्पष्ट है कि वे एक महान देशभक्त भी थे (पुस्तक अमर शहीद भगत सिंह, लेखक विष्णु प्रभाकर)। इसमें कोई भी अंदेशा नहीं कि जो पांच हजार रूपए नेताजी सुभाष ने चौधरी साहब से कलकत्ता में चंदे के तौर पर लिए थे, उनका इस्तेमाल उन्होंने भारत से जर्मनी तथा बाद में जर्मनी से जापान जाने के लिए किया अर्थात ये पैसा देश की आजादी के लिए खर्च किया, जो एक और महानतम योगदान था।

याद रहे, सेठ चौधरी छाजूराम चौधरी छोटूराम के कहने पर संयुक्त पंजाब में सन् 1927 में एम.एल.सी भी रहे लेकिन उनका मन कभी राजनीति में नहीं लगा। यह विवरण देना भी उचित होगा कि घासीराम सन् 1927 से 1932 तक पांच साल तक भिवानी के तहसीलदार रहे। इन्हीं के काल में उस समय भिवानी में जितने भी कार्य हुए, सभी इन्हीं की देख–रेख में हुए थे, जिसके लिए बाद में घासीराम को राय बहादुर का खिताब दिया गया, जो वर्तमान में झज्जर जिले के छुडानी गांव से धनखड़ गौत्री जाट थे। वर्तमान में उनके एक पौत्र मेजर जनरल राजेश्वर सिंह मिजोरम में तैनात हैं। राय बहादुर चौधरी घासीराम धनखड़ जी की यादगार को भी चौधरी छाजूराम की प्रतिमा के साथ अंकित किया जाएगा। सेठ छाजूराम का जीवन पूर्णतया आदर्शवादी, निष्कलंक, प्रेरक और अति श्रेष्ठ था। महान दानवीर चौ० छज्जू राम लाम्बा 07 अप्रैल 1943 को स्वर्ग सिद्धार गये थे। दानवीर सेठ चौधरी छाजूराम ने जितने नेक कार्य किये उनका आज के समय में भी कोई बिरादरी नहीं कर सकता। सेठ चौधरी छाजूराम लाम्बा जी को लेखक शत्–शत् नमन करता है।

# महानायक समुद्रगुप्त (मगध और गुप्त भारत सन् 275 ई)

– बी.एस. गिल, सचिव
जाट सभा (मो० 9888004417)

गुप्तों का प्रथम राजा 'गुप्त' एक करद और अधिनस्थ राजा के रूप में उदित होता है। डॉ. रोमिला थापर (पुस्तकः क्लासकल आदर्श का विकास 300–700 ई.) के अनुसार ये पंजाब के धनी भू–स्वामी थे। प्रारम्भ में गुप्तों का क्षेत्र प्रयाग और अवध (साकेत) में था क्योंकि राजा 'गुप्त' की जागीर इलाहाबाद के आसपास थी।

'गुप्त' ऊर्जावान तथा शौर्यपूर्ण होने से श्री गुप्त कहलाया। श्री का अर्थ है ऊर्जावान तथा शौर्यपूर्ण। इसका पुत्र घटोत्कच था और घटोत्कचइना बुंच का ऐसा प्रथम राजा था जिसने अपने वंश के संस्थापक गुप्त के नाम से राजवंश का आरम्भ किया। पहले राजवंश का नाम किसी पूर्वज, स्थान या धर्म पर किया करते थे। धर्म पर राजवंश–भार–शिव, पूर्वज के नाम पर गुप्त, महाराज कुरु के नाम पर कौरव, महाराज पांडु के नाम पर पांडव, वाकाट स्थान के नाम पर वाकाटक आदि। उस शासक का नाम चन्द्रगुप्त प्रथम था। उसने लिच्छवी गणराज्य की राजकन्या कुमार देवी से विवाह किया था। लिच्छवी राजकन्या से शादी कर वे लोग अपने आपको गौरवान्वित अनुभव करते थे। यह गुप्ताओं की राजनैतिक अभिवृद्धि थी। कौमदी महोत्सव की रचयित्री ने लिच्छवियों को म्लेच्छ और चन्द्रगुप्त को कारस्कार कहा है। कारस्कार का अर्थ है जातिहीन आदमी। चन्द्रगुप्त तथा महारानी कुमार देवी से एक पुत्र रत्न का जन्म हुआ जिसका नाम समुद्रगुप्त था। वह भारतवर्ष के ऐतिहासिक रंगमंच पर चमका तथा अपने पौरुष के जोहर दिखाए। समुद्रगुप्त अपने को लिच्छवी दोहित्र कह कर गर्द अनुभव करता था। हमें थ्समममज नामक एक अंग्रेज का आभार व्यक्त करना चाहिए जो भारत में अंग्रेजी शासन में आया था। उसने गुप्तकाल की ब्राह्मी का अध्ययन किया तथा बताया कि भारत में गुप्तों ने 300 वर्षों तक राज्य किया था। चन्द्रगुप्त ने मगध और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ भागों (साकेत और प्रयाग) पर राज्य किया। उसने "महाराजाधिराज" की उपाधि ग्रहण की, यद्यपि इसका विशेष महत्व नहीं था क्योंकि कुषाण बराबर इस उपाधि का प्रयोग करते रहे थे। गुप्त संवत का प्रारंभ लगभग 319–20 ईसवी में चन्द्रगुप्त के राज्यारोहण से माना जाता है। चन्द्रगुप्त ने अपने पुत्र समुद्रगुप्त को लगभग 335 ई. में अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया। सौभाग्य से इलाहाबाद में एक अशोक स्तंभ पर उसकी एक विस्तृत प्रशस्ति खुदवाई गई थी, जो उसके शासन से संबंधित मूलभूत सूचनाएँ प्रदान करती है। ऐसा प्रतीत होता है कि चन्द्रगुप्त प्रथम के उत्तराधिकारी के प्रश्न पर कुछ संकट खड़ा हो गया था और किसी अख्यात राजा कच के सिक्कों से संकेत मिलता है कि समुद्रगुप्त का कोई प्रतिद्वंद्वी था जिसे उसने अंत में पराजित कर दिया था। समुद्रगुप्त की आकांक्षा एक ऐसा साम्राज्य स्थापित करने की थी जिसका नियंत्रण गुप्त वंश की राजधानी पाटलिपुत्र से हो, और जिसमें समस्त उपमहाद्वीप का समावेश हो। कहना न होगा कि मौर्यों के इरादों की पुनरावृत्ति हो रही थी। प्रशस्ति में उन राजाओं तथा प्रदेशों की एक लम्बी सूची दी गई है जो देश के इस छोर से उस छोर तक समुद्रगुप्त के विजय अभियान में परास्त हुए थे। उत्तर भारत में उसने मुख्यतः दिल्ली के आसपास तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के चार राजाओं पर विजय प्राप्ति की थी। दक्षिण और पूर्व के राजाओं ने राजनिष्ठा की शपथ ली थी। समुद्रगुप्त का दूसरा नाम अथोकादित्य था। उसने ई. 335–375 ई. तक पाटली पुत्र की गद्दी पर बैठ कर राज किया। वी.ए. स्मिथ ने उसे भारतीय नेपोलियन की उपाधि दी।

डॉ. के.पी. जायसवाल गुप्त राजवंश पर पैना चिंतनः गुप्तों की उत्पत्ति–यहां हम ये देखना चाहते है कि क्या गुप्तों की जाति का भी कुछ पता चल सकता है, क्योंकि उनकी जाति का प्रश्न अभी तक रहस्मय बना हुआ है और उसका कुछ भी पता नहीं चला है। तत्कालीन अभिलेखों आदि से हमें निम्नलिखित तथ्य मिलते हैं–

(क) गुप्तों ने कहीं अपनी उत्पत्ति या मूल और जाति आदि का कोई उल्लेख नहीं किया मानों उन्होंने जान–बूझकर उसे छिपाया हो। (ख) वे लोग धारण नामक उपजाति के थे। गुप्त महारानी प्रभावती गुप्ता के अभिलेख से हमें इस बात का पता चलता है कि वह धारण गोत्र की थी। जान पड़ता है कि उस अभिलेख में उसने अपने पिता का गोत्र दिया है, क्योंकि उसके पति का गोत्र भिन्न (विष्णुवृद्ध) था। कौमुदी महोत्सव से हमें इस संबंध में एक और बात यह मालूम होती है कि वह कारस्कर जाति का था। बौधायन में कहा गया है कि कारस्कर एक छोटी जाति है और इस जाति के लोगों के यहां ब्राह्मणों को नहीं जाना चाहिए और यदि वे जाएं भी तो उनके यहां से लौटकर उन्हें प्रायश्चित अथवा अपनी शुद्धि करनी चाहिए। बौधायन में कारस्कर लोग पंजाबी अरट्टों के मेल में रखे गए हैं और अरट्ट का शब्दार्थ होता है "प्रजातंत्री"। उनका ठीक निवास स्थान हेमचन्द्र ने बतलाया है और शाल्वों की व्याख्या करते समय कहा है कि वे कार नामक तराई के रहने वाले हैं। कारपथ या कारापथ नामक स्थान हिमालय के नीचे वाले प्रदेश में था। शाल्व लोग मद्रों के एक विभाग के थे और स्यालकोट में रहते थे जहां वे सियाल कहलाते थे और यह सियाल 'शाल्व' से ही निकला है। यह "शाल्व" भी लिखा जाता है और यह नाम अब तक प्रचलित है। इसलिए कारस्कर लोग पंजाब के रहने वाले थे और मद्रों के एक उप–विभाग थे। हमें यह भी ज्ञात है कि मद्र लोग वाहीक और



*खुल जाएंगे सभी रस्ते, रुकावटों से लड़ो तो सही।*

जार्तिक भी कहलाते थे। इस प्रकार मद्रक समाज कई उप–विभागों के योग से बना था जिनमें शाल्व और यर्जी अथवा जार्तिक लोग भी थे जिन्हें हम आजकल 'जाट' कहते हैं और साथ ही कई दूसरे उप–विभाग भी थे। अब हम यहां पाठकों को चंद्रगोमिन के व्याकरण का वह उदाहरण स्मरण कराते हैं जिसमें कहा गया है 'जार्त्त' (राजा) ने हूणों को परास्त किया।यहां जार्त शब्द से मुख्यतः स्कंदगुप्त का अभिप्राय है। इस प्रकार हमें कई भिन्न–भिन्न साधनों से इस एक ही बात का पता चलता है कि गुप्त लोग कारस्कर जाट थे जो पंजाब से चलकर आए थे। मेरी समझ में आजकल के कक्कड़ जाट उसी मूल समाज के प्रतिनिधि हैं जिस समाज के गुप्त लोग थे। कारस्करों में गुप्त लोग जिस विशिष्ट उप–विभाग नाम धारण था

प्रभावती गुप्ता के अभिलेख (पूना प्लेट्स) में जो 'गोत्र' शब्द आया है उसका मतलब जातीय उप–विभाग से ही है। अमृतसर में धारी नाम के एक प्रकार के जाट पाए जाते हैं और इस "धारी" शब्द की तुलना हम प्रभावती गुप्ता के संस्कृत शब्द 'धारण' से कर सकते हैं। इस बात का पूरा–पूरा समर्थन कौमुदी महोत्सव से भी होता है और चंद्रगोमिन से भी होता है जो निस्संदेह एक गुप्त ग्रंथकार था।

संभवतः मद्रक जाट उन दिनों बहुत दीन जाति के नहीं समझे जाते थे, क्योंकि यदि वे लोग छोटी जाति के होते, तो राजा सुंदरवर्त्मन् कभी चंद्रसेन को अपना दत्तक बनाने का विचार न करता। जान पड़ता है कि पहले वह चंद्र को ही अपना सारा राज्य देना चाहता था, परंतु जब किसी छोटी रानी के गर्भ से कल्याणवर्मन् का जन्म हुआ (कल्याणवर्मन के संबंध में जो 'माताएं' शब्द का प्रयोग किया गया है उससे सूचित होता है कि कि उसकी कई सौतेली माताएं थीं) तब दत्तक पुत्र और उसे दत्तक लेने वाले पिता में झगड़ा आरंभ हुआ। प्रजा ने जो उस समय चंद्र का बहुत अधिक विरोध किया था उसका वास्तविक कारण वही था कि उन दिनों लोग कारस्कारों को इसलिए बुरा समझते थे कि वे लोग सनातनी चातुर्वर्णाश्रम के अंतर्गत नहीं थे।

महाभारत में मद्रकों को भी इसलिए निंदनीय माना गया है। उन लोगों में केवल एक ही जाति थी और समाज के सब लोग समान तथा स्वतंत्र समझे जाते थे और गंगा के दोआब में रहने वाले समाज के निश्चित नियमों से यह बात ठीक नहीं थी। इस संबंध में आपस में उत्तर–प्रत्युत्तर भी हो गया था। कौमुदी–महोत्सव ने कारस्करों को इसलिए ताना दिया था कि वे शासक बन रहे थे, और इसके उत्तर में गुप्तों ने कहा था कि हम क्षत्रियों का नाश कर डालेंगे। अब हमें पौराणिक इतिहास से इस बात का पता चलता है कि कनिष्क के शासनकाल में और कदाचित् उसके उत्तराधिकारी के शासनकाल में भी बनस्पर ने शासन कार्यों के लिए कुछ मद्रकों को अपने यहां बुलवाया था, परन्तु चंद्रगुप्त प्रथम अपने सिक्कों में, जो पंजाब की सैनिक वर्दी पहने हुए दिखाई देता है, उससे जान पड़ता है कि जब भार–शिवों ने मद्रक देश को स्वतंत्र कर दिया था तब उसके कुछ ही दिन बाद चंद्रगुप्त प्रथम के वंश के लोग पंजाब से चलकर इस ओर आए थे। बहुत संभव है कि भार–शिव राजा ने चंद्र को बिहार और कौशांबी के बीच की कोई जागीर दी हो, क्योंकि पाटलिपुत्र की नगर परिषद ने जब चंद्रगुप्त प्रथम को राज्यच्युत करने की घोषणा की थी, तब वह अपनी सीमा पर शवरों का विद्रोह दमन करने के लिए गया हुआ था।

गुप्ताओं का जाट होने का सुदृढ़ प्रमाण (विकिपीडिया–एक मुक्त ज्ञानकोश बयाना) – बयाना भारत के राजस्थान राज्य के भरतपुर जिले में स्थित एक नगर है। बयाना को "वाणासुर की नगरी" के नाम से जाना जाता है। बयाना मुगल इतिहास में भी एक प्रसिद्ध शहर हुआ करता था। जाटों द्वारा निर्मित बयाना का किला आज भी अपने आप में एक अनूठा किला माना जाता है। चित्तौड़गढ़ का दुर्ग बनने से पहले यह किला एशिया के सबसे बड़े किलों में से था। बयाना मुगलकाल में नील की मंडी के लिए भी प्रसिद्ध था कुछ इतिहासकारों का यह भी कहना है कि मुगल बादशाह बाबर ने बयाना आकर शराब पीना त्याग दिया था। बयाना में मुस्लिम समुदाय भी अच्छी संख्या में रहता है, मुस्लिम समुदाय के बुजुर्ग लोगों का तो यहाँ तक मानना है कि जब मुसलमानों का तीर्थ चुना जाना था तब मक्का और बयाना में सिर्फ ढाई कब्र का अंतर था यदि ऐसा हुआ होता तो आज मक्का मदीना की जगह बयाना में मुस्लिम तीर्थ होता। यहाँ की मस्जिद ऊषा मस्जिद भी काफी प्रसिद्ध मानी जाती है। यहाँ की भीतरबाड़ी स्थित ऊषा मंदिर भी बहुत प्रसिद्ध मंदिर है जहाँ से बयाना के इतिहास में मौजूद होने के साक्ष्य प्राप्त होते हैं। बयाना का इतिहास हजारों साल पुराना है। इसे बाणासुर की नगरी कहा जाता है, क्योंकि बाणासुर की पुत्री ऊषा और भगवान श्री कृष्ण के प्रपौत्र अनिरुद्ध का प्रेमाख्यान श्रीमद भागवत 10.62 और पुराणों में वर्णित है। यहां बयाना ऊषा मंदिर इसका प्रमाण है। सन 322 में गुप्तवंश के जाट राजा चंद्रगुप्त का शासन था। उस समय बयाना क्षेत्र जिसे श्रीपथ कहा जाता था में पुष्प गुप्त को अपना गवर्नर नियुक्त किया था। सन 371–72 में सम्राट समुद्र गुप्त के सामंत वारिककुलीय क्षत्रप ने यज्ञ स्तंभ खड़ा किया। इसके अवशेष आज भी मौजूद हैं। इससे जाहिर होता है कि यहां उस समय भी किला था। इसके अलावा 960 में प्रतिहार वंश ने राज किया। फक्का वंश के राजा लक्ष्मण सैन की रानी चित्रलेखा ने सम्राट महीपाल के शासन में ऊषा मंदिर बनवाया। महाराजा विजयपाल ने 999–1043 तक राज किया। इसके अलावा सल्तनत काल, मुगल साम्राज्य और भरतपुर के जाटों ने राज कर लिया। इस दौरान के दर्जनों इमारतों के अवशेष और शिलालेख मौजूद हैं।

'आर्य मंजूसरी मूला कल्पा' नामक भारत का इतिहास में जो संस्कृत एंव तिब्बती भाषा में 8वीं शताब्दी ईसवी में लिखा गया था। उसमें लिखा है कि एक महान सम्राट जो मथुरा जाट परिवार

का था जिसकी माता एक वैशाली कन्या थी, वह मगध देश का सम्राट बना। यह हवाला समुद्रगुप्त का ही है। गुप्ताओं ने मगध पर 300 वर्ष तक शासन किया। अर्थात धारण धारीवाल जाटों का शासल 300 वर्ष रहा। प्रमाण के लिए देखें (Imperial History of India)। "जाट प्राचीन शासक" लेखक बी.एस. दहिया ने लिखा है चन्द्रगुप्त प्रथम मथुरा का जाट था जिसका विवाह लिच्छवी राजकुमारी कुमार देवी से हुआ था उस सम्राट के सिक्कों पर उन दोनों की मूर्तियां थी। श्री महर्षि पाणिनी कृत अष्टाधायी की व्याख्या करने वाले ने "गोप्तरी" और "गुप्ती" दो शब्द लिखे हैं। बी. एस. अग्रवाल ने इन शब्दों का स्पष्ट अर्थ 'इंडिया एज नोन टू पाणिनी' में किया है। वे गुप्ती रक्षा और गोप्तरी का अर्थ सैनिक प्रबन्ध कला करते हैं। यह तो नाम का भाग है जैसे चन्द्रगुप्त, विष्णुगुप्त। यह कुल नाम या उपनाम नहीं है। गुप्त नाम केवल सैनिक राज्यपाल से है। श्रीयुत दशरथ शर्मा ने बिहार तथा उड़ीसा रिसर्च सोसाइटी के मुखपत्र में एक लेख द्वारा प्रकट किया है कि बीकानेर रियासत के जाटों में एक भेद धारणिया है। अतः गुप्त सम्राटों का प्रतिनिधि बीकानेर के इन धारणिया जाटों को समझना अधिक उपयुक्त है। अनेक विद्वानों ने भ्रांतिवश गुप्त–वंशी सम्राटों को वैश्य लिख दिया। भारतवर्ष के इतिहास को हमेशा ऐसे कीचड़ में फंसा दिया कि पाठक को भ्रम में कुछ हाथ नहीं आता वे लोग यह नहीं दिखा पाये कि गुप्त लोग वैश्यों के किस गोत्र के थे? बौद्ध काल तक शर्मा, वर्मा, गुप्त तथा दास शब्द प्रयोग नहीं हुए, वेद उपनिषद, गीता महाभारत में भी ये शब्द प्रयोग नहीं हुए। इनका प्रचलन कुमारिल भट्ट, स्वामी शंकराचार्य द्वारा प्रचलित किये गये। नवीन हिन्दू धर्म की स्थापना के समय से प्रारम्भ हुआ। गुप्त शासक इस काल से पहले के है। दास शब्द का अपवाद ही हुआ है जैसे कांशी नरेश दिवो दास, प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य ब्राह्मण ब्रह्मगुप्त। हकीकत तो ये है कि तीसरी सदी में गुप्ताओं ने अपने आदि पुरूष गुप्त के नाम को अमर बनाने हेतु अपने नाम के पीछे गुप्त लगाना आवश्यक समझा जैसे पांडु की संतान पांडव कहलाई। गुप्ताओं ने कहीं भी अपनी जाति का उल्लेख नहीं किया। इतिहासकार गौरीशंकर हीराचन्द ओझा और विश्वेश्वर रेड ने इन्हें चन्द्रवंशी क्षत्रिय माना है–"कौमदी महोत्सव नाटक में चन्द्रगुप्त को चन्द्रसेन नाम से कारस्कार जाति का माना है, वैसे इन नामों में गुप्त शब्द संज्ञा है तथा वैश्यों में यह शब्द सरनेम की तरह प्रयोग हुआ, रघुवंश के अनुसार महाराज लक्ष्मण के पुत्र अंगद और चन्द्रकेतु ने हिमालय के नीचे वाले प्रदेश कारापथ का राज्य पाया उन्ही की संतति को कारापथ स्थान के कारण कारस्कार कहलाए तथा बाद में बौद्ध धर्मी होने के कारण ये चतुर्वर्गीय व्यवस्था से ब्राह्मणों ने बाहर कर दिये, तो ये वैश्य कैसे कहे जा सकते हैं।" महाराज चन्द्रगुप्त द्वितीय की पुत्री वाकाटक वंशी रूद्रसेन द्वितीय की महारानी प्रभावती गुप्त ने अपने पिता का गोत्र धारण लिखा है जबकि उसके पति को गोत्र विष्णुवृद्ध था। धारणा शब्द कालन्तर में समय परिवर्तन से धारी बन गया जो अमृतसर में धारी नाम के जाट पाये जाते हैं। स्कन्दगुप्त के द्वारा हूणों की पराजय का "अजय जर्तो हुणान" वाक्य चन्द्रगोमिन की व्याकरण से स्पष्ट ही गुप्त वंश का जाट होना सिद्ध होता है।

धारीवाल जाट–भारत में जाट राज्य के लेखक योगेन्द्र पाल शास्त्री ने लिखा है कि धारण या धारीवाल गोत्र के जाट लाहौर, अमृतसर सियालकोट, गुरदासपुर, गुजरावाला, जालन्धर, कपूरथला, जींद, नाभा पटियाला, मलेर कोटला, लुधियाना, हिसार आदि स्थानों पर आबाद रहे हैं। पंजाब में सिक्ख जाट तथा पाकिस्तान में मुस्लिम जाट हैं।

समुद्रगुप्त की विजय यात्रा समुद्रगुप्त एक महान चरित्र का स्वामी था। वह एक मात्र युद्ध और विजय के लिए पिपासा कुल हो बल्कि उसके चरित्र का एक सौम्य एवं शिष्ट पक्ष भी था। समुद्रगुप्त के इतिहास का सबसे मुख्य स्रोत, वर्तमान प्रयागराज के निकट, कौशाम्बी में चट्टानों शिलालेखों में से एक पर उत्कीर्ण एक शिलालेख है। इस शिलालेख में समुद्रगुप्त के विजय अभियानों का विवरण दिया गया है। इस शिलालेख पर लिखा है, जिसका खूबसूरत शरीर, युद्ध के कुल्हाड़ियों, तीरों, भाले, बरछी, तलवारें, शूल के घावों की सुंदरता से भरा हुआ है। यह शिलालेख भारत के राजनीतिक भूगोल की वजह से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें विभिन्न राजाओं और लोगों का नाम अंकित है, जोकि चौथी शताब्दी के शुरूआत में भारत में मौजूद थे।

इनमें समुद्रगुप्त के विजय अभियान पर लिखा गया है जिसके लेखक हरिषेण है, जो समुद्रगुप्त के दरबार के एक महत्वपूर्ण कवि थे। समुद्रगुप्त जहाँ उत्तर भारत के एक महान शासक एवं दक्षिण में उनकी पहुँच को स्वयं दक्षिण के राजा भी बराबर नहीं कर पाते थे।

समुद्रगुप्त की दिग्विजय–यदि समुद्रगुप्त की विजय–गाथा पर एक दृष्टि डालें तो पता चल जाएगा कि उसके विजित राज्यों के चार सोपान थे। एक तो वे राज्य जिनके राजाओं को पराजित कर उनके राज्यों को अपने साम्राज्य में मिला लिया। दूसरी श्रेणी के वे राज्य थे जिन्हें जीतने के पश्चात् उनसे कर लेकर उनके शासकों को उनका राज्य वापस कर दिया। तीसरी श्रेणी में वे राज्य थे जिन्होंने बिना युद्ध के समुद्रगुप्त का प्रभुत्व तो स्वीकार कर लिया था किन्तु किसी प्रकार का कर इत्यादि देने के लिए बाध्य नहीं थे।

तिथि क्रमानुसार समुद्रगुप्त की विजय को चार भागों में विभाजित कर सकते हैः–

आर्यावर्त्त की विजय, आटविक राज्यों की विजय, दक्षिणापथ की विजय सीमांत राज्यों की विजय समुद्रगुप्त का व्यक्तित्व–भारतीय सम्राटों को सुदीर्घ श्रृंखला में समुद्रगुप्त का स्थान अद्वितीय है। यह योद्धाओं में पराक्रमी योद्धा, विजेताओं में महान विजेता, कूटनीतिज्ञों में कुशल कूटनीतिज्ञ तथा विद्वानों में उद्भट विद्वान था। वह वीर, बलवान, दयालु,

प्रजापालक सम्राट होने के साथ–साथ शस्त्र, शास्त्रानुरागी, संगीतज्ञ तथा काव्य–कला का अनन्य उपासक था। महान विजेता, भारतीय नेपोलियन समुद्रगुप्त एक महान विजेता था। प्रयाग की प्रशस्ति उसकी सामरिक प्रतिभा का ज्वलन्त उदाहरण है। उसने उत्तर से लेकर दक्षिण तक के अनेक राज्यों को पदाकान्त कर एक छोटे से राज्य को विशाल साम्राज्य में परिवर्तित कर दिया था। इसकी इस विजयिनी प्रतिभा से प्रभावित होकर ही डॉ. विन्सेंट स्मिथ ने उसे भारतीय नेपोलियन के नाम से अभिहित किया है। डॉ. स्मिथ के ये शब्द अक्षरशः सत्य है। समुद्रगुप्त ने निश्चय ही नेपोलियन की तरह अपने बाहुबल से अनेक राज्यों को पराजित किया था। यदि हम उसे नेपोलियन से भी महान विजेता कहें तो कोई अत्युक्ति न होगी कारण कि समुद्रगुप्त को नेपोलियन की तरह किसी वाटरलू या ट्रैफेलगर में नीचा नहीं देखना पड़ा था। उसकी विजय यात्रा में विजयिनी विजयलक्ष्मी सदा सर्वदा उसका अनुकरण करती रही।

महान राजनीतिज्ञ–समुद्रगुप्त एक महान विजेता ही नहीं, वह एक दूरदर्शी राजनीतिज्ञ भी था। उसने भारत के छोटे–छोटे राज्यों का विनाश कर एक सुसंगठित साम्राज्य की स्थापना की। उसने समस्त देश को एकछत्र शासन के अंतर्गत लाने के बजाय अपनी शक्ति को एक स्थल पर केन्द्रित करना अधिक उपयुक्त समझा। इस प्रकार वह एक विशाल साम्राज्य का चक्रवर्ती सम्राट रहते हुए भी, ऐसे साम्राज्य को नष्ट–भ्रष्ट कर देने वाले तत्वों से दूर रखा। उसने विदेशी राष्ट्रों के साथ भी अच्छा कूटनीतिक सम्बन्ध स्थापित किया। उसका सुव्यवस्थित शासन उसकी राजविज्ञता का परिचायक है। वह एक महान कलाकार भी था। साहित्य, शास्त्र, कला, संगीत आदि में वह पूर्ण पारंगत था। इस प्रकार समुद्रगुप्त एक चतुर्मुखी प्रतिभासम्पन्न सम्राट था। भारतीय इतिहास में उसका स्थान अनूठा है। प्रजा के कल्याण का ध्यान उसे हमेशा रहता था। वह दीन–दुखियों का अच्छी तरह ध्यान रखता था। वह दान करने में भी पीछे नहीं रहा। कई स्थानों पर उसके द्वारा सहस्त्रों गायों के दान का उल्लेख मिला।

# गुलजारी लाल नन्दा एक ईमानदार छवि के भारतीय राजनीतिज्ञ थे

– लक्ष्मण सिंह फौगाट, (मो० 6280830760)

गुलजारी लाल नंदा का भारत के स्वाधीनता संग्राम में काफी योगदान रहा। नंदा का जीवन आरम्भ से ही राष्ट्र के प्रति समर्पित था। 1921 में उन्होंने असहयोग आन्दोलन में भाग लिया। नंदा बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने मुम्बई के नेशनल कॉलेज में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। अहमदाबाद की टेक्सटाइल्स इंडस्ट्री में यह लेबर एसोसिएशन के सचिव भी रहे और 1922 से 1946 तक का लम्बा समय इन्होंने इस पद पर गुजारा। यह श्रमिकों की समस्याओं को लेकर सदैव जागरूक रहते थे और उनका निदान करने का प्रयास करते थे। 1932 में सत्याग्रह आन्दोलन के दौरान और 1942–1944 में भारत छोड़ो आन्दोलन के समय इन्हें जेल भी जाना पड़ा। इसलिए भारत की आजादी के लिये वे कई बार जेल भी गए। वे एक ईमानदार और पक्के देशभक्त थे।

1964 में जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद वे कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाए गए। दूसरी बार लाल बहादुर शास्त्री की मश्त्यु के बाद 1966 में वे पुनः कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने। इनका कार्यकाल दोनों बार उसी समय तक सीमित रहा जब तक की कांग्रेस पार्टी ने अपने नये नेता का चयन नहीं कर लिया। वे शानदार नेता के रूप में विख्यात थे।

गुलजारीलाल नन्दा का जन्म 4 जुलाई 1898 को सियालकोट में हुआ था जो अब पाकिस्तान में है। इनके पिता का नाम बुलाकी राम नंदा तथा माता का नाम श्रीमती ईश्वर देवी नंदा था। नंदा की प्राथमिक शिक्षा सियालकोट में ही सम्पन्न हुई। इसके बाद उन्होंने लाहौर के "फोरमैन क्रिश्चियन कॉलेज" तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अध्ययन किया। उन्होंने कला संकाय में स्नातकोत्तर एवं कानून की स्नातक उपाधि प्राप्त की। इनका विवाह 1916 में 18 वर्ष की उम्र में ही लक्ष्मी देवी के साथ सम्पन्न हो गया था।

नंदा बॉम्बे की विधानसभा में 1937 से 1939 तक और 1947 से 1950 तक विधायक रहे। इस दौरान उन्होंने श्रम एवं आवास मंत्रालय का कार्यभार मुम्बई सरकार में रहते हुए देखा। 1947 में "इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस" की स्थापना हुई और इसका श्रेय नंदाजी को जाता है। मुम्बई सरकार में रहने के दौरान गुलजारी लाल नंदा की प्रतिभा को देखते हुए इन्हें कांग्रेस आलाक़मान ने दिल्ली बुला लिया। यह 1950–1951, 1952–1953 और 1960–1963 में भारत के योजना आयोग के उपाध्यक्ष पद पर रहे। ऐसे में भारत की पंचवर्षीय योजनाओं में इनका काफी सहयोग प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को प्राप्त हुआ। इस दौरान उन्होंने निम्नवत् प्रकार से केन्द्रीय सरकार को सहयोग प्रदान किया।

गुलजारी लाल नंदा केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में कैबिनेट मंत्री रहे और स्वतंत्र मंत्रालयों का कार्यभार सम्भाला। नंदाजी ने योजना मंत्रालय का कार्यभार सितम्बर 1951 से मई 1952 तक निष्ठापूर्वक सम्भाला। नंदाजी ने योजना आयोग एवं नदी घाटी परियोजनाओं का कार्य मई 1952 से जून 1955 तक संभाला। नंदाजी ने योजनाए सिंचाई एवं ऊर्जा के मन्त्रालय के कार्यों को अप्रैल 1957 से 1967 तक संभाला। नंदाजी ने श्रम



*जो है उसका आनंद लो और जो नहीं है उसकी चिंता में अपने आनंद को खराब मत करो।*

एवं रोजगार मंत्रालय का कार्य मार्च 1963 से जनवरी 1964 तक सफलतापूर्वक संभाला। गुलजारी लाल नंदा भारत सेवक समाज संस्थापकों में ऐसे नेता थे जिन्होंने केंद्रीय मंत्री के रूप में ऐसे नेता साबित हुए जिन्होंने मिलावट और भ्रष्टाचार के विरुद्ध काफी सक्रिय महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अपने मंत्रालयों में कई नीतियां दी जोकि इतिहास में प्रेरणादायक बनी। 1963–1966 में उनका गशहमंत्री के रूप संयुक्त सदाचार मिशन काफी प्रेरणा दायक रहा। उन्होंने लोकपाल के मार्गदर्शन के लिए लोकायुक्त गठन के माध्यम से दिशा–निर्देश देने की बेहतरीन दिशा प्रदान की। उनका देश में 3 प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल में गृहमंत्री के रूप में सेवा देने का चर्चित इतिहास है। इन्होंने 2 साल में भ्रष्टाचार मुक्त देश देने की घोषणा लोकसभा में की थी या पद से हट जाने की घोषणा संकल्प के साथ की थी।

नंदाजी ने मंत्रिमण्डल में वरिष्ठतम सहयोगी होने के कारण दो बार कार्यवाहक प्रधानमंत्री का दायित्व सम्भाला। इनका प्रथम कार्यकाल 27 मई 1964 से 9 जून 1964 तक रहाए जब पंडित जवाहर लाल नेहरू का निधन हुआ था। दूसरा कार्यकाल 11 जनवरी 1966 से 24 जनवरी 1966 तक रहा, जब लाल बहादुर शास्त्री का ताशकंद में देहान्त हुआ। नंदाजी प्रथम पाँच आम चुनावों में लोकसभा के सदस्य निर्वाचित हुए।

देश आजाद होने के बाद जब वे राष्ट्रीय योजना समिति में आये तभी से उन्होंने गेर सरकारी संस्थाओं का महत्व देने लिए भारत सेवकों का नेटवर्क तैयार किया जिसमे उन्होंने प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को भी प्रमुख पद पर बैठाया। भारत सेवक समाज और उसके बाद भारत साधु समाज की नीव रखी गयी। उन्होंने मानव धर्म मिशन श्री सनातन महावीर दल, रास्ट्रीय लोक सेना, कुरुक्षेत्र विकास बोर्डए भारतीय संस्कृति रक्षा संस्थान, नव जीवन संघ "भारतीय जाग्रत समाज" श्री कृष्ण आयुर्वेदिक फार्मेसी, मानव धर्म सम्मेलन इत्यादि संस्थाएं दिल्ली कुरुक्षेत्र इंदौर मुंबई देश में 2 दर्जन संस्थाएं श्रमिक व औद्योगिक क्षेत्र में भी स्थापित की। नंदा जी ने अनेक संस्थाओं का गठन करते हुए कुरुक्षेत्र विकास मंडल KDB को महाभारत रणभूमि के उजाड़ तीर्थों के काया कल्प के लिए योजना बनाई और इस संस्था का पंजीकरण 1 अगस्त, 1968 को किया। पुरे 22 साल इसके संस्थापक अध्यक्ष बतौर करिश्माई विकास से कुरुक्षेत्र के आधुनिक स्वरूप को विश्व मानचित्र में पहुंचाया। ईमानदारी और राष्ट्र के विकास में अहम भूमिका निभाने पर इनको भारत रत्न की पदवी से नवाजा गया था।

नंदा फाउंडेशन अंतर्गत मानवधर्म सेवा मिशन, मानव धर्म सम्मेलन– राज्यों में सेंट्रल भारत सेवक समाज की नीव निर्माण में सक्रिय हरियाणा में अध्यक्ष वयोवृद्ध समाज कर्मी वरिष्ठ पत्रकार श्री कृष्णराज अरुण का योगदान नंदा अनुयाइयों में सबसे अतुल्य सर्वश्रेष्ठ माने जाने कारण उन्हें गुलजारीलाल नंदा फाउंडेशन की भविष्य नीव मानकर सर्वाधिकार प्रमुख पद चैयरमेन नियुक्त किये गए।

नंदाजी ने एक लेखक की भूमिका अदा करते हुए कई पुस्तकों की रचना की। जिनके नाम इस प्रकार हैं। सम आस्पेक्ट्स ऑफ खादी, अप्रोच टू द सेकंड फाइव इयर प्लानए गुरु तेगबहादुर, संत एंड सेवियरए हिस्ट्री ऑफ एडजस्टमेंट इन द अहमदाबाद टेक्सटाल्सए फॉर ए मौरल रिवोल्युशन तथा सम बेसिक कंसीड्रेशन।

गुलजारीलाल नन्दा को देश का सर्वोच्च सम्मान "भारतरत्न (1997)" और दूसरा सर्वश्रेष्ठ नागरिक सम्मान "पद्म विभूषण" प्रदान भी किया गया। फिर भी इनका अपना घर नहीं होने के कारण वे किराए पर रहते थे। एक दिन मकान मालिक ने इन्हे किराया न देने पर घर से निकाल दिया, जिसका समाचार पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री राजीव गान्धी को पता चलने पर उन्होंने नन्दा जी की पैन्शन बनवाई और सरकारी मकान भी दिया।

गुलजारीलाल नंदा वृद्धावस्था के बावजूद "भारत सेवक समाज" को अपनी सेवाएँ प्रदान करते रहे। यह संगठन उन्होंने स्वयं बनाया था और वह आजीवन इसकी देखरेख करते रहे। नंदाजी ने नैतिक मूल्यों पर आधारित राजनीति की थी। उम्र के अन्तिम पड़ाव पर पहुँचने के बाद उन्होंने राजनीति में हुए परिवर्तन को देश के लिए घातक बताया।

100 वर्ष की आयु में इनका निधन 15 जनवरी 1998 को हुआ। इन्हें एक स्वच्छ छवि वाले गांधीवादी राजनेता के रूप में सदैव याद रखा जाएगा। भारत सेवक समाज सहित गुलजारीलाल नंदा अनगिनत संस्थाओं के अध्यक्ष भी थे।

स्मरण योग्य इतिहास

नन्दा जी राधा स्वामी सत्संग से जुड़े होने के कारण इनकी पूरे जीवन की कार्यशैली एक सन्त महात्मा के रूप में रही है। नंदा इतिहास गांधीवाद सदाचार नियम पालन निष्काम कर्म योगी नंदाजी योजना आयोग के उपाध्यक्ष रूप में उनका योगदान 3 पंचवर्षीय योजनाओं में योजना परिक्रिया निर्माता के रूप रहा है। वे 20 सदी में आजादी के बाद पंडित नेहरू युग शास्त्री युग इंद्रा युग में उनकी बेबाक राजनीति सदाचार जीवन के मायने लागू करवाने में एक के बाद एक अग्नि परीक्षा देते रहे। आजीवन किराये के मकान में रहकर उन्होंने निस्वार्थ भाव से देश को सेवाएं दी। देश को राजनैतिक सदाचार का ध्वज देने वाले भारतरत्न नंदा ही थे। उजाड़ तीर्थों की विकास यात्रा में कुरुक्षेत्र को कार्यकल्प रूप देकर गीता महत्व जागरण की नीव निर्माता नंदा जी का योगदान भुलाया नहीं जा सकता।



*स्वाभिमान के साथ अकेले खड़े रहना झुंड में झुकने से ज्यादा बेहतर है।*

# चौ. छोटूराम से जुड़े कुछ किस्से

– सूरजभान दहिया, (मो० 9818120950)

सन् 1941 में चौ० छोटूराम ने पंजाब विधानसभा में "सामान्य बिक्रीकर" को पंजाब में लागू करने का प्रस्ताव रखा। इस कर के प्रस्ताव पर विधानसभा में विरोधी सदस्यों ने यह आपत्ति उठाई कि ऐसा कर तो उन्हाने कभी देखा न सुना है। इस बिल पर अकाली दल के विधानसभा सदस्य सरदार प्रतापसिंह कैरो ने भी भाग लिया। कैरो की दलीलो का जवाब देते हुऐ चौधरी साहब ने कहा – "मेरे अजीज अकादी दल के युवा सदस्य ने यू०एस०ए० मे मिशीगन तथा बरकली जैसी नामी विश्वविद्यालयों से उच्चशिक्षा ली है तथा यू०एस०ए० की फॉर्मिंग पद्धतियो से काफी प्रभावित भी है। मैं चाहता हूँ कि ऐसी युवाप्रतिमा धार्मिक उन्माद में उलझे और पंजाब में भी अमेरिकी पद्धति की कृषि अपनाने में मेरा साथ दें। मैं यहां उल्लेख करना चाहूंगा कि अमेरिका के 29 राज्यों, यूरोप के 12 देशों और ब्रिटिश सरकार के तीन उपनिवेश में ऐसा कर लगा हुआ है।"

चौ० छोटूराम की इस बिल पर तर्क संगत व मार्मिक बहस से प्रभावित हुये सरदार प्रताप सिंह कैरो ने अकाली दल से त्यागपत्र दे दिया तथा वे कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गये। सरदार प्रताप सिंह आजादी के पश्चात 1958 में पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री बने तथा मुख्यमंत्री पद संभालते ही उन्होंने चौ छोटूराम के पदचिन्हों पर चलकर पंजाब देहात में कृषि उत्थान तथा ग्रामीण रोजगार की कारगर नीति अपनाई। देहाती युवाओ को Skill training दी तथा अमेरीका, इंगलैंड, कनाडा, आस्ट्रेलिया आदि देशो में इन्हें भेजने का 1964 में सिलसिला शुरु किया। जब में DAV College Jallunder में 1964 में छात्र था तो मैं अपने दोस्त के साथ दिसंबर की छुट्टियों में उनके गाँव मे गया था। मेरे दोस्त के पिता ने मेरा परिचय जानना चाहा। मैंने जब उन्हें बताया कि मैं रोहतक जिले के गांव का एक किसान का बेटा हूं। तब उनकी आत्मा से तसल्ली भरे शब्द निकले – "चौ० छोटूराम जैसा किसान नेता नहीं हो सकता। कैरो साहब भी थोडे समय निक्का छोटूराम बने परन्तु सियासत में चौ० छोटूराम न बन सके।"

घटना सन् 1973 की है और मैं हरियाणा में कार्यरत था। मै दिल्ली से चण्डीगढ़ हरियाणा रोड़वेज में आ रहा था। उस समय रोड़वेज में दूसरी सीट MLA/M.P. के लिये आरक्षित होती थी। आरक्षित सीट पर एक सज्जन बैठे थे। निःसन्देह MLA/M.P. होगे। बस चाय–पानी हेतु करनाल रुकी। नीचे उतरने के पश्चात मैने माननीय सदस्य को नमस्कार किया तथा फिर विदित हुआ कि वे होडल से MLA चौ० राजेन्द्रसिह है। बस फिर गन्तव्य की ओर बढी।

चौ० राजेन्द्रसिह अपनी सीट पर अकेले बैठे थे उन्होंने मुझे अपनी सीट पर बुला लिया। बातो–बातो में पता चला कि वे लाहौर में पढ़े थे। फिर मैंने उनसे चौ० छोटूराम के बारे में कुछ जानना चाहा। उन्होंने मुझे एक रोचक किस्सा सुनाया। चौ० छोटूराम विधानसभा में किसान हितैषी कानून पास कर रहे थे जिससे शहरी लोग बड़े आक्रोशित थे। वे सुबह–सुबह छोटूराम के खिलाफ प्रभात फेरिया निकालते थे। जब वे 'शक्ति भवन'– चौ० छोटूराम का निवास स्थान के सामने आते तो जोर–जोर से कहने लग जाते "ओ केहडी माई जिसनू जम्मा छोटूराम कसाई" फिर चौ० राजेन्द्र सिंह ने मुझे बताया "एक दिन अम्बाला डिवीजन के लड़कों पे एक मीटिंग बुलाकर यह फैसला लिया कि कल सुबह जब शहरियों की प्रभात फेरी शक्ति भवन आयेगी और वे चौ० छोटूराम के विरुद्ध नारे लगायेंगे तो उनकी हम हाकी स्टीको से धुनाई करेंगे। इस प्लॉन में हमारे साथ कुछ मुस्लमान दोस्त भी जुड गये। हम तब प्लॉन अनुसार सुबह–सुबह हाकियों के साथ टोली को हरि सिंह–खेडीजाट ने देखा तो उसने सारा किस्सा चौ० छोटूराम को बता दिया। चौ. छोटूराम हमारे पास आये और कहने लगे – तुम ऐसा कुछ नहीं करोगे। ये शहरी हार के मारे बौखला गये हैं। मैंने अपनी कलम से इनका जीना हराम कर रखा है– तड़फने दो इन्हें तुम अपनी पढ़ाई करो, आगे तुमने ही मेरी जिम्मेवारी संभालनी है।

चौ० राजेन्द्रसिह ने आगे मुझे बताया "24 अप्रैल 1944 को लायलपुर मे अखिल भारतीय जाट महासभा का सम्मेलन हुआ था। उसमे भारी भीड़ जुटी थी। सभी धर्मो के किसान छात्रो का हमारा एक सक्रिय युवा संगठन था। हमने यह निर्णय ले लिया था कि इस महा सम्मेलन में जिन्ना के कायदे आजम की तरह चौ० छोटूराम को रहबरे आजम (महान लीडर) के खिताब से सम्मानित करेगे। किसान छात्र संगठन ने यह प्रस्ताव आधी भीड के समक्ष स्टेज से रखा। यह प्रस्ताव छात्र मोहम्मद रफीक तरार ने रखा था और इसका अनुमोदन मैने (चौ. राजेन्द्र सिह) किया था। प्रस्ताव ध्वनीमत से पारित हुआ तथा चौ० छोटूराम को रहबरे आजम के सम्मान देकर पगड़ी बांधी तथा पूरा माहौल– रहबरे आजम चौ० छोटूराम जिन्दाबाद के नारे से गूंज उठा।

यहां यह भी बताना उचित होगा कि बाद में मोहम्मद रफीक तरार पाकिस्तान के राष्ट्रपति भी बने। चौ. हरि सिंह–खेडी नाट (झज्जर) जो लाहौर में शक्ति भवन में रहते थे, बाद में हमारे गाँव–निलौठी के हरियाणा वैदिक हाई स्कूल में अध्यापक रहे थे, उस समय मे मैं कदाचित् कक्षा–पांच को

छात्र था। बाद मे मैं उनके सम्पर्क में चंडीगढ़ तथा गुरुग्राम में रहा।

उन्होंने एक बार मुझे डी०ए०वी० कॉलेज लाहौर का किस्सा सुनाया। उन दिनों में ज्यादातर हरियाणा के छात्र डी०ए०वी० कॉलेज में पढ़ते थे। एक बार हरियाणा के छात्रों ने निर्णय लिया कि चौ० छोटूराम छात्रो को डी०ए०वी० कॉलेज में संबोधित करे फिर उन्हें पगड़ी पहनाकर किसान मसीहा का सम्मान दिया जाये। यह प्रस्ताव लेकर हरियाणा छात्र संगठन चौ० छोटूराम से मिलने शक्ति भवन पहुँचा तथा उन्हें कालेज में छात्रों को संबोधन करने की अनुमति मांगी। चौ० झोटूराम ने छात्रों के निवेदन को स्वीकार कर लिया ।

अगले दिन चौ० छोटूराम के सबोधन के बारे में डी०ए०वी० कॉलेज के नोटिस न बोर्ड पर सूचना लगा दी। नोटिस पढकर शहरी छात्रों में बैचेनी हो गई तथा बात फैल गई कि वे चौ० छोटूराम की मीटिंग में हूँटिंग करेगे। यह बात हरियाणा छात्र संगठन के पास भी पहुंच गई तथा उसमे कुछ, असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई और एक अनिश्चिता की वातावरण बन गया। हरियाणा छात्र संगठन के अध्यक्ष चौ० मनीराम गोदारा ने इस संबंध में चो० छोटूराम को अवगत करा दिया। चौ० छोटूराम ने छात्रों को उत्साहित करते हुये कहा– "घबराने की कोई बात नहीं। मै० जरूर कालेज में छात्रो को संबोधित करुगा तथा उन्हें इस पर स्थिति से निपटने की विधि भी समझाई। हरियाणा छात्र संगठन ने रणनीति के तहत हाल के चारो दरवाजे पर दो–दो छात्र खडे कर दिये। हाल में बीच–बीच में हरियाणा के छात्रों को पहले ही बिठा दिया था। बाद में शहरी छात्र भी आकर बैठ गये। ज्योहि–चौ० छोटूराम हाल में पहुंचे, चारो दरवाजे बन्द कर दिये। जब स्टेज को चौ० छोटूराम ने बोलना शुरु किया तो शहरी छात्रों ने हूटिंग शुरु कर दी। चौ छोटूराम ने छात्रो को समझाया– कृपया आप मेरी बात सुने, यदि आपको कोई संशय मेरे संबोधन से उत्पन्न हो। मैं उस का उत्तर आपको दूंगा। आपको शान्त होने के लिये मैं दो मिनट का समय दे रहा हूं। दो मिनट के बाद भी शहरी छात्रों की हूटिंग जारी रही। फिर चौ छोटूराम ने हरियाणा छात्र संगठन को आदेश दिया – इन्हें आप अपना तरीका अपनाकर शान्त करवाये। बस फिर क्या था – बीच मे बैठे हरियाणा छात्रों ने चार–पाँच जगह शहरी छात्रों को गले से पकडकर ऊँचा उठा कर पटका तो चन्द सैकडो मे वातावरण शांत हो गया। चौ० छोटूराम वहाँ लगभग एक घंटा बोले। बाद में शहरी छात्र संघ के प्रेजीडेट स्टेज पर आये तथा चौ० छोटूराम से क्षमा मांगी तथा कहा – हम गलत फहमी के शिकार थे। चौधरी साहब आप के संबोधन में प्रेरणा थी तथा हम अपने उज्ज्वल भविष्य हेतू आपकी बातों का करेंगे। हम पुनः आपको जरुर इस हाल में आमन्त्रित भी करेंगे।"

चौ छोटूराम ने अपना सम्पूर्ण जीवन शोषित वर्ग के उत्थान हेतु लगा दिया तथा उनकी सेवा करते करते 9 जनवरी 1945 को वे प्रातः 11:15 बजे शक्तिभवन लाहौर में महाप्रस्थान कर गये। अगले दिन 10 जनवरी को दोपहर 2:00 बजे चौधरी साहब के भाई चौधरी नेकीराम ने जाट हाई स्कूल रोहतक के ग्राऊड में दाह संस्कार की अग्नि चेतना की। दांह–संस्कार के मौके पर उपस्थित स्त्री–पुरुष बिलख–बिलख कर रो रहे थे– हाय, हमारा छोटा राम चला गया। मृत्यु से लोग इतने शौक – संतप्त थे कि चौधरी खेमचंद राठी नामक एक व्यक्ति ने तो चौधरी साहब की जलती चिता में कूदकर आत्मदाह करने का प्रयास भी किया था। गनीमत रही कि वहां उपस्थित जनसमूह ने भागकर उसे पकड लिया और उसे बचा लिया।

बाद में चौधरी खेमचंद राठी एक प्रेरक अध्यापक बने। सरकारी सेवानिवृत्ति के पश्चात् वे डी०ए०वी० हाई स्कूल हसनगढ (रोहतक) मे भी पुनः अध्यापक रहे। मैं भी इस स्कूल में 1968 में साईस टीचर के पद पर कार्यरत था तथा मैं वहां चौधरी खेमचंद राठी के सर्म्पक में आया। उनसे मेरी चौ० छोटूराम के जीवन के संबंध काफी चर्चा होती रहती थी।

चौ० खेमचन्द राठी चौ० हरिद्वारी लाल के बडे करीब थे। चौ० हरिद्वारी लाल हरियाणा में शिक्षा मंत्री रहे थे। एक बार उन्होंने मुझे हरिद्वारी लाल के संबंध में एक किस्सा सुनाया।

चौ० हरिद्वारी लाल चौ० छोटूराम के वजारतकाल में पी०सी०एस० अफसर थे। वे एक बार माल तथा तकावी हिसाब–किताब चैक करने के लिए तलागंग तहसील के मुख्यालय जाने हेतु टूर पर थे। यह जिला कैम्पबलपुर की तहसील थी। इस तहसील मुख्यालय पर जाने के लिए उन्होंने एक नाला पार करना था इस नाले को पार करने हेतु नौका का सहारा लेना पड़ता था। चौ० हरिद्वारालाल ने इस नाले को पार करने के लिए किसानों की नौका की मदद चाही। तो किसानों ने बड़ी रकम मांगी। चौ० हरिद्वारी लाल ने जो किराया मांगा वह देने की हा भरदी। जब किसान नाला पार करवा रहे थे तो चौधरी हरिद्वारी लाल से पूछ बैठे "आप कौनसे जिले के है?" चौधरी हरिद्वारी लाल ने उत्तर दिया "मैं रोहतक जिले का हूँ।" नाला पार करने के पश्चात् चौधरी हरिद्वारी लाल ने किसान को नौका किराया देने हेतू हाथ बढ़ाया। किसान ने कहा "मैं आप से किराया नही लूगा। आप चौ० छोटूराम की पाक जमी से हैं जिन्होंने छोटे खुदा का रुप लेकर किसान को नरक की जिन्दगी से निकाला है। हमे छोटे खुदा के दर्शन तो नहीं हुये परन्तु आप के दर्शन ही हमने उनके दर्शन मान लियें है– खुदा हाफिज"

यह सब किस्सा बाद में चौ० हरिद्वारी लाल 'द ट्रिब्यून" में 28 जून 1997 को छपे लेख में पढ़ा था।

# शिक्षा और चरित्र

– प्रोफेसर डॉ० दुर्गपाल सिंह "सोलंकी"

सुनो–सुना, मुझे कुछ कहना है।
शिक्षा क्या है? ज्ञान का एक झरना है।
इसके महत्व से तो नहीं इन्कार मुझे
पर इसका रुप कुछ बदलना है।

शिक्षा क्या है? शिक्षा एक योग है, एक साधना है, एक अराधना है। शिक्षा शब्द 'शिक्षु' धातु से बना है, जिसका अर्थ है– सिखाना, शिक्षार्थी को ज्ञान – आचरण, व्यवहार एवं नैतिक मूल्य सिखाना ही शिक्षा है। "स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान सर्वत्र पूज्यते" "विद्या धन सर्वप्रधानम्" विद्या विहीना पशु पुच्छविषाहीन आदि–आदि अनेकानेक अक्तियों के द्वारा भारतीय मनीषियों ने शिक्षा के महत्व को प्रतियादित किया है।

"शिक्षा का लक्ष्य चरित्र निर्माण है।" इस सन्दर्भ में चरित्र शब्द का अर्थ एवं व्याख्या अप्रासंगिक न होगी। संकुचित अर्थ में चरित्र का अभिप्राय शरीरिक सयंम से लगाया जाता है। विस्तृत अर्थ में चरित्र का अभिप्राय सदाचरण से है। चरित्र के मूल तत्व ध ृति, क्षमा, सत्य, अनस्तेय, संयम आदि। भारतीय साहित्य एवं समाज में एक ओर विद्या को सर्वप्रधान प्राण धन कहा गया है, वहाँ चरित्र की महिमा का अनथक बखान किया गया है। यही सदाचार की मुक्ति का द्वार है। "अचारः परमोधर्मः" कह कर चरित्र निर्माण मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म बताया गया है।

अब हमें शिक्षा और चरित्र के पारस्परिक सम्बन्ध को निध ारित करना है। इन दोनों में कौन साधन है और कौन साध्य? उत्तर में हम कहेंगे कि शिक्षा साधन है और चरित्र उसका साध्य है। ज्ञार्नाजन तो शिक्षा का गौण लक्ष्य है, उसका अन्तिम लक्ष्य तो चरित्र निर्माण ही है। शिक्षा रूपि सरिताए चरित्र रूपी सागर में विलीन होकर सार्थक हो जाती है। ऐसे विचार युग–पुरुष गान्धी जी ने भी व्यक्त किये हैं। उनका कहना है "शिक्षा मात्र आत्मोप्पति के लिए होती है। शिक्षा का विषय है चरित्र गढ़ना। ज्ञान चरित्र निर्माण के लिए दिया जाना चाहिए। शिक्षा ऊँचा गुण है, पर चरित्र से ऊँचा नहीं।" ज्ञान साधन है, चरित्र साध्य।

चरित्र के अभाव में शिक्षा निस्सार है। सच यह है कि चरित्र ही शिक्षा का सार है। ज्ञान रूपी नाविक का किनारा वाहन है जो ज्ञान रूपी चालक की सहायता से चरित्र रूपी लक्ष्य तक पहुंचता है। चरित्र एक पारस पत्थर है जिसका स्पर्श पाकर शिक्षा स्वर्ण बन जाती है। शिक्षा यदि स्वर्ण है तो चरित्र एक अग्नि है जो शिक्षा को तपाकर कुन्दन बनाती है। शिक्षा एक पुण्य है तो चरित्र उसकी सुगन्ध है। शिक्षा और चरित्र का संयोग एक मणि कांचन संयोग है।

ऐतिहासिक सदाहरणों से भी हम शिक्षा पर चरित्र की विजय सिद्ध कर सकते हैं। कबीर दास ने कभी कागज छुआ भी नहीं था। लेकिन सदाचरण ने उनकी शिक्षा की कमी को पूरा कर दिया और वे बहुत बड़े समाज सुधारक कहलाए। दूसरी ओर रावण अनेकानेक शास्त्रों का पंडित (विद्वान) होते हुए भी अपनी चरित्रहीनता के ही कारण दुष्ट–खलनायक के रूप में कुख्यात है। रावण के उदाहरण से भलीभान्ति स्पष्ट हो जाता है कि चरित्र के अभाव में शिक्षा अर्थहीन हो जाती है। बिना चरित्र के शिक्षा निरस्सार ही नहीं तिहाजा भी है। चरित्रहीन शिक्षित मनुष्य को मणि.भूषित सर्प के समान त्याग देना चाहिए। संस्कृत में भी कहा गया है "विद्यया अलंकृतेअपि। मणिभूति सर्पः किय न भंयकर।"

खेद का विषय है कि आज की शिक्षा में चरित्र को अपेक्षित स्थान नहीं दिया जा रहा है। शिक्षा का लक्ष्य ज्ञार्नाजन तक सीमित होने के कारण आज स्कूलोंए कॉलेजोंए विश्वविद्यालयों में अनुशासनहीनता का जोर दुष्टिगत होता जा रहा है। आज की शिक्षा अपनी लिखित परीक्षा प्रणाली से विद्यार्थी में चरित्र नहीं अपितु उसके पुस्तकीय ज्ञान की परीक्षा करती है। ऐसी परिस्थिति में आज शिक्षित एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में अनुसानहीनता का जहर पूरी तरह घुला हुआ है ऐसी स्थिति में दुखी होकर कहना पड़ता है–

न वो रास्ते हैं, न वो मंजिलें हैं,
बदल ही गया जैसे रूख जिन्दगी का।

अब समय आ गया है कि हम शिक्षा का रास्ता और मंजिले दोनों बदल दें। शिक्षा का रास्ता चरित्ररूपी राजमार्ग से मिला दें, क्योंकि ज्ञानार्जन नहीं, प्रथम कर्काव्य बढ़ाना देश में चरित्र के ही बिना हम सब पडे हुए है क्लेश में।

अन्त में, मैं यही कहना चाहूंगा कि शिक्षा का लक्ष्य चरित्र ही होना चाहिए। चरित्र ही शिक्षा का आधार बिना चरित्र शिक्षा निरस्सारए चरित्र से ही देश परिवार, बिन चरित्र जग जीवन मार, प्रसिद्धि ही नहीं, प्राण परिवार चरित्र पर कर सकता हूँ वार।।

# Combating air polllution in Delhi and NCR

**- R.N.Malik , (Mob. 9911078502)**

*High level of Air Quality Index (AQI) in Delhi and other places has again become the talking point among people of the region. AQI has crossed 400 level twice in Delhi and neighbouring towns like Gurugram after Dipawali. Daily average AQI hover around 300 indicating very poor air quality. It is likely to increase further at any time upto 25th December. Thereafter, increase in wind velocity with occasional showers may bring down AQI to an average level of 200. The issue then, as in the past, will be buried under the carpet for ten months till October that year.*

*There is hardly any country in the world other than India and Pakistan where AQI exceeds even 200 in any month of the year. In developed countries, AQI rarely exceeds 60. Besides India and Pakistan, two cities notorious for traffic jams and poor air quality are Mexico and Sao Palo (Brazile). Even there, AQI rarely exceeds 200 and normally remains around 170.*

*In upper half of India, two months from 20th October to 25th December present the worst scenario of air pollution and smog in the urban areas. Because of increasing air density, low wind velocity and falling temperature, called inversion effect, dust and other particles remain hanging in the air at threshold levels causing poor visibility and smoggy conditions. At times in December, AQI goes up to 900 in areas like Gaziabad, Shahdara, Mayur Vihar and Karkardooma areas. Surprisingly, people in general, remain calm and do not create much noise even in such suffocating environment and it is a tribute to their resilience.*

*Silence of people even in such public health emergency is probably because of their ignorance about the damaging impact of polluted air on human health. Chemically, dust is an inert material and should not cause any harm to any part of human body. But ultra fine or colloidal dust particles are able to pass through the nose and get deposited in the lungs thus severely affecting the oxygen transfer capacity of lungs to different parts of the human body, particularly the brain resulting in reduced cognitive power and dementia. Vehicular emissions, on the other hand, react chemically with different organs of the human body resulting in deleterious effects on human health. Exhausts from petrol vehicles affect kidney functions while smoky emissions from diesel vehicles directly affect the lungs. Consequently, lungs and allergic complications are quite common among young children and old people in densely populated towns and cities.*

*PILs are filed every year in the Supreme Court praying for directing the State governments of Delhi, Haryana ,Panjab and U.P. to take remedial measures to mitigate the problem of severe air pollution in Delhi and the NCR (National Capital Region encompassing and neighbouring towns of Haryana and U.P.). During the arguments,.the thrust of Supreme Court has been mostly on stoping the burning of Parali in Panjab. Farmers do burn the parali in Panjab but that practice is over by 15th November and AQI does not show any trend of abating even after that. Haryana farmers mostly sell parali to Rajasthan traders at the rate of Rs.4000 per acre and consequently, incidents of burning are very rare.*

*Today (November 7th), a big news appeared on the first page of the Tribune. A new PIL has been filed this year by Luke Christopher Coutinho, a wellness expert seeking urgent measures to tackle the " persistent and systematic failure" in curbing rising air polllution levels across the country and that air polllution levels had assumed proportions of a "public health emergency" severely impacting the health of citizens in both urban and rural areas. The petitioner further revealed that as per government reports, 22 lac school children suffered irreparable damage in lungs in Delhi alone. The PIL sought a direction to Central, Delhi and State governments to take steps to meet the targets set under NCAP (National Clean Air Program). The National Clean Air Program launched in 2019 with the targets of reducing particulate matter by 20-30 per cent by 2024 and subsequently extended to 40 per cent by 2026 but the States have miserably failed to meet it's modest objectives Surprisingly, the PIL was not taken up for urgent hearing and is likely to be taken up after a week. It is hoped that Supreme Court will proceed with this case to logical conclusion this time.*

*It is an accepted fact that roughly 40-45 percent air pollution in NCR is due to dust particles, 40-45 per cent due to vehicular emissions and remaining 15-20 percent pollution is contributed by factories, restaurant exhausts and burning of solid wastes. Therefore, the problem of severe air polllution is considerably solved provided Delhi, Haryana and U.P. governments concentrate on tackling dust and vehicular pollution in their respective towns and cities. Dust pollution can be reduced to very low levels while vehicular pollution can be reduced at least by half if following doable and simple measure are taken up by the respective governments.*

**A. Measures to control dust pollution.**

*I. Dust pollution in developed countries is negligible because the urban areas are entirely either paved or grassed. Therefore, the governments should pass a strict order directing all the house owners, vacant plot holders and shopkeepers to pave the surface area between the building line of their houses or shops and the road edges within four months and keep it neat and clean on daily basis. This step alone will reduce the dust pollution by 70 per cent*

*2. Owners of vacant plots should be directed to build boundary walls around their plots alongwith a gate and keep the surface green with grass to avoid any dust generation.*

*3. In new constructions, the contractors should be directed to put the building materials well inside the boundaries of the plots.*

*4. Municipal corporations should ensure complete sweeping of roads and streets (particularly along the edges) and swept material should be picked and disposed simultaneously at a designated sites. Frequent sweeping will not be required once all the areas are either paved or grassed.*

*5. Municipal Corporation Indore has achieved complete sanitation in the city of 20 Lacs population and reduced dust pollution to insignificant levels. Therefore, the Central government should direct the State governments to replicate Indore Model to keep their cities neat and clean.*

**B. Measure to control vehicular pollution.**

*I. Odd-even formula should be applied to restrict vehicular movement along all the major or sector dividing roads in Delhi and NCR towns. This measure, though causing slight inconvenience, will significantly reduce traffic jams and attendant air pollution.*

*2. Shop owners should not be allowed to park their cars before their shops. This step will encourage them to travel by Mass Transport.*

*3. Cars should not be allowed to enter narrow streets in the markets.*

*4. Plying of three wheelers using diesel oil should be banned in congested parts of the city or the town. Instead, people should be encouraged to ply electric three-wheelers to carry the passengers from one place to another.*

*5. As a long term measure, Central government should guide and help State governments to initiate metro rail projects in towns with population more than 6 lacs in the first phase.*

*6. Time has come when Central government should frame policies so that more and more people are encouraged to replace their vehicles with electrical ones.*

*These are simple measures which any state government can take and achieve NCAP goals in four months. There are no short cuts to mitigate this very serious problem of air pollution in the National Capital region other than taking the aforesaid measures.*

# वैवाहिक विज्ञापन

- *SM4 Jat Girl (DOB 10.06.95) 30/5'6" B. Sc. from Punjab University. M.Sc. Chemistry from Chandigarh University. B.Ed. Preparing for UPSC. Father ex-serviceman. Mother housewife. Family settled at Rohtak. Avoid Gotras: Dahiya, Sihag, Dhull. Cont.: 7837551914*
- *SM4 Jat Girl (DOB 28.09.98) 27/5'3" Bachelor of Engineering. Working as I.T. Software Developer in a reputed MNC (T.C.S.) at Indore. Avoid Gotras: Sangwan, Rathi, Nandal. Cont.: 9303068646*
- *SM4 Jat Girl (DOB 06.10.2003) 22/5'5" B. A. Gotras: Dhull, Siwach, Redhu. Cont.: 8708626836*
- *SM4 Divorced Jat Girl (DOB 23.07.87) 38/5'3" M. A. English. B.Ed. Father retired Superintendent from Secretariat, Chandigarh. Family settled at Panchkula. Avoid Gotras: Pahal, Dhankhar. Cont.: 9496274217, 9888496336*
- *SM4 Jat Girl (DOB 18.01.95) 30/5'3" B.DS. from Government Dental College Mumbai. Profession Dentist. (Own clinic). Father retired from Indian Navy. Mother housewife. Family settled at Sukhna Enclave, Mohali. Avoid Gotras: Sangwan, Punia, Legha. Cont.: 8826398004.*
- *SM4 Jat Girl (DOB 29.11.94) 31/5'7" B.Sc. from MCM DAV College for Women Chandigarh. Working as Cabin Crew in Air India Airlines. Father's own business (bookshop in Chandigarh). Own shop and own house in Chandigarh. Mother housewife. Avoid Gotras: Pahal, Malik, Sehrawat. Cont.: 9988407607*
- *SM4 Jat Girl (DOB 13.10.98)27/5'3" B.Tech. (ECE) from Bharti Vidyapeeth College of Engineering Pune. Working as Software Engineer in I.T. Company, Pune. Father own business Medical shop in Faridabad. Mother housewife. Own house in Faridabad. Avoid Gotras: Malik, Lather, Dagar. Cont.: 9205378122*
- *SM4 Jat Girl (DOB Nov. 97) 27/5'3" M.Sc. Chemistry from Punjab University. Environment Management & Assessment Georgian College Canada. Working as Analytical Chemist at a Private Company in Toronto. Father ASI in Delhi police. Mother housewife. Avoid Gotras: Nandal, Rathi, Ghanghas, Khatri, Bajad. Cont.: 9050050072*
- *SM4 Jat Girl (DOB 11.08.99)26/5'7" B.Com. (Hons.) Christ University Banglore. Employed in BAIN & Company Gurugram. Salary 27 lakh per annum. Father Senior Manager in MNC at Banglore. Mother Teacher (HOD-Hindi) at Banglore. Brother B. Tech, Developer in MNC at Banglore. Preference: IIT/NIT/ Engineering Graduate/MBA/CA/Job in MNC. Avoid Gotras: Goyat, Saharan, Grewal. Cont.: 8168294936*
- *SM4 Jat Girl (DOB 07.07.93) 32/ 5'6" B. Com from Punjab University. MBA in Finance & IT from P.T.U. Father retired from Air Force, now serving in Haryana Agriculture Department Panchkula. Mother housewife. Family living in Zirakpur. Preferred match in Govt./Pvt. (MNC) job, or working in Foreign on PR/ citizenship & settled educated family living in Chandigarh, Panchkula, Kurukshetra, Mohali area, height minimum 5 feet 9 inches or above. Avoid Gotras: Ranwa, Dhaka, Bilewal. Cont.: 7896552697, 7888830645*
- *SM4 Jat Girl (DOB 06.02.92) 33/5'3" M.A. from Punjab University. B.Ed. Working as Teacher in a private school at Mohali. Father retired Inspector from Chandigarh Police. Family settled at Chandigarh. Avoid Gotras: Nain, Sangwan, Dhaliwal, Panghal. Cont.: 8699726944, 7837908258*
- *SM4 Jat Girl (DOB 23.06.2000) 25/5'1" B. Com. from Delhi University. B.Ed. from Ch. Charan Singh University Meerut. Father occupation Business. Avoid Gotras: Lakra, Malik. Cont.: 9216000072*
- *SM4 Jat Girl (DOB 28.02.93) 31/5feet. B. Tech. in Computer Science, Diploma in Computer Science, M. Tech. in Software Engineering. Working in reputed MNC at Chandigarh. Salary Rs. 8 LPA. Father retired Divisional Head Draftsman from Haryana government. Mother housewife. Family settled at Panchkula. Avoid Gotras: Malik, Deswal, Sheoran. Cont.: 9417333298*
- *SM4 Jat Girl (DOB 31.01.95) 28/5'1" B.Sc., M.Sc. (Botany). UGC, NET qualified. Ph.D in Botany from P. U. Chandigarh. Employed as Assistant Professor in College at Karnal on contract basis. Selected as Assistant Professor in Government college through HPSC, joining awaited. Father retired from Defence. Mother housewife. Family settled at Ambala Cantt (Haryana). Avoid Gotras: Rathi, Kharb, Rana. Cont.: 9812238950*
- *SM4 Jat Girl (DOB 01.10.94) 31/5ft. MBA. Father and mother in Government service. Avoid Gotras: Hooda, Lakra, Dalal. Cont.: 8283000022*
- *SM4 Jat Boy (DOB 12.09.97) 28/5'7" B. Tech (CSE) from LPU Jalandhar. Working in I.T. Sector Hyderabad. Salary Rs. 27.30. LPA. Father Assistant Director in Khadi & Village Industry Commission at Ambala Cantt. Mother housewife. Own house in Zirakpur (Punjab). Two acre agriculture land. Avoid Gotras: Hooda, Ahlawat, Siwach. Cont.: 8360153519, 7696046215.*
- *SM4 Jat Boy (DOB 21.08.95) 30/5'9" B. Tech in Mechanical Engineering. Working as S.R. Associate Digital Marketing in a reputed MNC at Pune. Salary Rs. 8.5 LPA. Freelancing Business. Father retired from PGIMER Chandigarh. Mother housewife. Own house in Chandigarh. Avoid Gotras: Dabas, Sangwan, Dhankhar. Cont.: 7508929045, 9779132009.*
- *SM4 Divorced Jat Boy (DOB 25.02.91) 34/6 feet. Graduate from Punjab University. Own business (bookshop in Chandigarh).*

*Own shop and own house in Chandigarh. Mother housewife. Avoid Gotras: Pahal, Malik, Sehrawat. Cont.: 9988407607*

- *SM4 Jat Boy (DOB 18.04.99) 26/6 feet. B. A. One year Computer Diploma from IIT Rohtak. One year Diploma in Computer from HATRON Rohtak. Father's occupation: Business. Three acre agriculture land in village. Double storey residence in Rohtak and three flats in Gurugram etc. Rental income Rs. 75000/- per month. No dowry and minimum Baraat in marriage. Cont.: 9896494202*
- *SM4 Jat Boy (DOB 18.01.95) 30/5'9". B. Tech. ECE. Self employed. Income Rs. 18 LPA. Father Under Secretary retired from Haryana Government. Mother housewife. Family settled at Nayagaon (Punjab). Two acre agriculture land. Avoid Gotras: Dhariwal, Rathi, Grewal. Cont.: 9888083645, 9915658166*
- *SM4 Jat Boy (DOB 21.08.97) 28/6ft. B. Tech. in Mechanical Engineering from MDU Rohtak. PG in Supply Chain Management Northern College Toronto. Working at Fastenal Canada in Supply Chain. Father retired Inspector from Haryana Police. Avoid Gotras: Tomar, Sindhu, Dhalan. Cont.: 9996611677, 9996634677*
- *SM4 Jat Boy (DOB July 97) 28/5'11" B. Tech. from IIT. Employed as Inspector in GST & Custom. Father Assistant Manager in Bank, Air Force veteran. Residential house in Kurukshetra. Avoid Gotras: Ola, Goyat, Sheoran. Cont.: 9802076149*
- *SM4 Jat Boy (DOB 24.08.98) 27/5'11" B. Tech. Civil Engineering from PEC Chandigarh. M. Tech. Structure Engineering from IIT Roorkee. Employed as Scientific Officer Nuclear Power Corporation, Mumbai, Department of Atomic Energy. Father Deputy General Manager in HMT Pinjore (Haryana). Mother PGT in Haryana Government. Elder sister PhD. from IITD, working as Assistant Professor in IIT & married. Preferred well educated family with moral values, non alcoholic, non-smoker and vegetarian. Avoid Gotras: Malik, Mor, Sandhu. Cont.: 8295227699.*
- *SM4 Divorced Jat Boy (DOB 06.08.93) 32/ 6feet. B.A. Employed as Store Keeper in Tata Motors. Three ace agriculture land. Avoid Gotras: Aujla, Lalar, Baisaiti. Cont.: 9416460301, 9468233366.*
- *SM4 Jat Boy (DOB 02.06.99) 26/ 6feet. 12th passed. Employed as Senior T.T. in Indian Railway at Ratlam (M.P.) National Gold Medalist in Wrestling. Two ace agriculture land. Avoid Gotras: Dalal, Jakhar, Phaugat. Cont.: 9050258654 .*
- *SM4 Jat Boy (DOB 24.09.95) 30/ 6'1" B. Tech in E.C.E. MBA in Creative Business Management from U. K. (London). Presently working in private sector at Zirakpur, (Mohali. Punjab). Father retired from Air Force, now serving in Haryana Agriculture Department Panchkula. Mother housewife. Family living in Zirakpur. Preferred well educated, working in Govt./Pvt (MNC) Sector of well settled family. Height above 5,5". Avoid Gotras: Ranwa, Dhaka, Bilewal. Cont.: 7896552697, 7888830647 .*
- *SM4 Jat Boy (DOB September 94) 31/ 5'9" Government job in Post office Panchkula. Avoid Gotras: Dhayal, Poonia, Phogat. Cont.: 9416270513, 9996611722 .*
- *SM4 Jat Boy (DOB May 1999) 26/5'7" B. Tech from PEC Chandigarh. Employed as Software Engineer in reputed company at Banglore with package of Rs. 60 lakh per year. Father in Government job at Chandigarh. Mother housewife. Younger brother pursuing B. Tech. Avoid Gotras: Seniwal, Budania, Jhajhra. Cont.: 9417317416*
- *SM4 Jat Boy (DOB 07.06.91) 33/5'6" B. Tech (IT). M. Tech, Cyber Security Macquarie University Sydney, Australia. Working as Network Engineer at HSC Gurugram (work from home). Has Canada Ontario PR-willing to move to Canada. Income 60000-PM. Family income Rs. 30-35 LPA. Father Advocate & notary. Mother PGT, Haryana Government school. Family settled at Panchkula. Avoid Gotras: Pannu, Phor, Malik. Cont.: 9888727222, 9877885365*
- *SM4 Jat Boy (DOB 20.10.92) 32/5'5" Graduate. Doing private job. Father retired from Haryana government. Mother in private job. Own house at Chandigarh. Avoid Gotras: Lamba, Nandal, Ghalyan. Cont.: 7696771747*
- *SM4 Jat Boy (DOB 09.09.97) 27/ 6feet. B. Tech (Computer Science). M.B.A. employed as Software Engineer in Rocket Software Pune with package Rs. 22.5 LPA (work from home). Father retired Supervisor form HMT Pinjore (Haryana). Mother housewife. Own house in Pinjore. Own coaching institute at Pinjore with income of Rs. 31 lakh PA. Avoid Gotras: Bankura, Mann, Narwal. Cont.: 9354839881*
- *SM4 Jat Boy 26/6'1" preferable in teaching profession at ChdèPkl, M.A., B.P.Ed employed as Sub Inspector in Punjab Police, Mohali. Parents Haryana Govt. employees and settled in Rohtak. Avoid Gotra: Dahiya, Dangi, Bhanwala & Sangwan. Cont.: 9466702703, 8826196133*
- *SM4 Jat Boy 25/6'1" currently working in Energy Co. Bangolore (PA-6 Lacks), B.Com. (Hons), IPSC to MBA (HR) (JAGSOM) Bangalore. One sister doing B.Sc (Math), DU. Gotras: Dabas, Pahal, Mann. Cont.: 9818111192*

# पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

सभा चण्डीगढ़ द्वारा 21 नवम्बर 2025 को जाट भवन चण्डीगढ़ में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगित आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ जाट सभा के माननीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री आर.आर. श्योराण द्वारा प्रतियोगी विद्यार्थियों को लेखन सामग्री वितरण करके किया गया।

जाट सभा के माननीय अध्यक्ष एवं हरियाणा के पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ. एम.एस मलिक, आई.पी.एस (सेवानिवृत) ने कहा कि यह प्रतियोगिता हर वर्ष दीनबधु चौ० छोटू राम के जन्म दिन–24 नवंबर के उपलक्ष्य में आयोजित की जाती है जिसके द्वारा छात्रों को पोस्टर/पेटिंग में अपने कला ज्ञान का प्रर्दशन करने के साथ–साथ ज्वलंत विषयों को अपने विवेक व प्रतिभा द्वारा उजागर करने का अवसर मिलता है। इस प्रतियोगिता में चण्डीगढ, पंचकूला व मोहाली के विभिन्न स्कूलो के लगभग 500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियो के शैक्षणिक व बौद्धिक स्तर के अनुसार प्रतियोगिता को तीन श्रेणियों – कक्षा तीसरी से पांचवी तक 'ए' श्रेणी, कक्षा छटी से आठवीं तक 'बी' व कलास नौंवी से बांहरवी तक 'सी' कैटेगरी में विभाजित किया गया।

शेष पेज 19 पर



*चाहे कितना भी जोड़ लो, आखिरकार गिनती उसी पैसौं और रिश्तों की होती है.. जो वक्त पर काम आएं।*





श्री आर.आर श्योराण, उपप्रधान, जाट सभा चंडीगढ/पंचकूला तथा कटरा(जम्मू) पोस्टर कम्पीटिसन में बच्चों को लेखन सामग्री वितरित करते हुये।

प्रतियोगिता में कक्षा तीन से आठ तक के बच्चो के लिये हमारी "कल की हरियाली" "खेल और भारत" व "खूबसूरत शहर चण्डीगढ़" किसी एक विषय पर पोस्टर बनाने का विकल्प रखा गया। इसी प्रकार कक्षा नौ से बारह तक के विद्यार्थियों के लिये "पर्यावरण संरक्षण और नवाचार", "सोशल मीडिया का जिम्मेदाराना उपयोग" तथा "भविष्य के लिये दृष्टि" किसी एक विषय का विकल्प दिया गया। पोस्टर प्रतिभागिता में प्रत्येक कटेगरी (श्रेणी) में प्रथम, द्वितिय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालो को क्रमशः 2100 रुपये, 1500 रुपये व 1100 रुपये के पुरस्कार के इलावा प्रमाण पत्र दिये जायेंगे। इसी प्रकार सातंवना पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्रों को 500 रुपये प्रति पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिये जायेंगे सभी विजेताओ को बसंत पंचमी एवं दीनबधु चौ० छोटू राम की 145वीं जयंती समारोह के अवसर पर 23 जनवरी 2026 को जाट भवन चंडीगढ़ में सम्मानित किया जायेगा।

प्रतिभोगिता के पोस्टरों की छटंनी, चयन तथा परिणाम आर्ट कॉलेज सैक्टर 10 चण्डीगढ़ के विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:–

**Category-A (Class III to V)**

**1st Prize:** Anshika, Class 5th Gyandeep High School Sector 20-C, Chandigarh.

**2nd Prize:** Gunjan, Class 5th, Gyandeep Model High School Sector 20-C, Chandigarh.

**3rd Prize:** Manvi, Class 5th B, Moti Ram Arya Sr. Sec. School Sector 27, Chandigarh.

**Category –B, (Class VI to VIII)**

**1st Prize:** Palak Gupta, Class 7th C, Govt. Model Sr. Sec. School, Sector 28-D, Chandigarh.

**2nd Prize:** Priyanshu, Class 6th B, Moti Ram senior Sec. School Sector 27, Chandigarh.

**3rd Prize:** Shivam Kumar, Class 8th A, Government Model Sr. Sec. School ™ Sector 26, Chandigarh.

**Category –C, (Class IX to XII )**

**1st Prize:** Kanishka, Class 12th B, FD Govt. Model Sr. Sec. School, Sector 32-C, Chandigarh.

**2nd Prize:** Aman, Class 9th ,Govt. Model Sr. Sec. School, Sector 28-D, Chandigarh.

**3rd Prize:** Muskan, Class 12th Govt. Model Sr. Sec. School, Sector 26 (TM) Chandigarh.

**Consolation:** Jasmeen Khatun, Class 12th B , Govt. Model Sr. Sec. School Raipur Khurd

**Consolation:** Yashmeen Kaur. Class 12th B, Govt. Model Sr. Sec. School Raipur Khurd (U.T.).

**Consolation:** Nitin,, Class 7th Gyandeep Model School, Sector 18 Panchkula.

**Consolation:** Viraj, Clss 7th, Gyandeep School Sector 18, Panchkula.

**Consolation:** Harshit, Class 7th B, Govt. Model High School, Sector 29-B, Chandigarh

**Consolation:** Muskan, Class 8th A, Govt. Model Sr. Sec. School, Raipur Khurd ( U. T.)

**Consolation:** Ritik, Class 9th B, Govt. Model High School, Sector 28-C, Chandigarh.



चौधरी सर छोटूराम की 145वीं जयंती के अवसर पर, 24 नवंबर 2025 को सर चौधरी छोटूराम की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित करते हुए डॉ. महेन्द्र सिंह मलिक, आई.पी.एस. (सेवानिवृत्त), पूर्व पुलिस महानिदेशक हरियाणा, प्रधान, जाट सभा चंडीगढ/पंचकूला। इस अवसर पर जाट सभा चंडीगढ/पंचकूला के सदस्य भी मौजूद रहे, जिन्होंने प्रतिमा की शोभा बढ़ाई।

# आर्थिक अनुदान की अपील



आवासीय परिसर

जैसा कि आपको विदित है कि जाट सभा चण्डीगढ़ द्वारा गांव नोमैई, ग्राम पंचायत कोटली बाजालान, कटरा–जम्मु में 10 कनाल भूस्थल पर दीनबंधु चौ० छोटूराम यात्री निवास के नाम से एक विशाल बहुमंजलीय भवन का निर्माण किया जायेगा। यात्री निवास के निर्माण, विस्तार व रख–रखाव आदि पर वर्ष 2019 से अब तक लगभग 2,36,52000 (दो करोड़ छतीस लाख बावन हजार) रुपये की राशि खर्च हो चुकी है और लगभग 63,50,000 (तरेसठ लाख पचास हजार) रुपये अनुदान के तौर पर प्राप्त हुये। आप सब के सहयोग से यात्री निवास स्थल पर इस समय शौचालय व बाथरूम सहित पांच वातानुकुलित डबल बैड कमरों व 15 बैड की डोरमैट्री का निर्माण किया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिये भोजन की व्यवस्था हेतू कैन्टीन का निर्माण कर दिया गया है। इसके अलावा बिजली, पानी की उचित व्यवस्था के लिये 11 के.वी. ट्रास्फॉर्मर व सबमर्सिबल ट्यूबवेल लगा दिया गया।

इस प्रस्तावित यात्री भवन के निर्माण में कुछ स्थानीय प्रशासनिक व भूगोलिक तकनीकी दिक्कते आ रही है। इसलिये बुहमंजलीय भवन का निर्माण कार्य प्रशासन की स्वीकृति मिलते ही शुरू कर दिया जायेगा और हमें पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के सहयोग व माता वैष्णों देवी की कृपा से इस विशाल प्रोजेक्ट का निर्माण अवश्य पूरा होगा।

अतः आप सभी से नम्र निवेदन है कि इस कल्याणकारी व पुनित सामाजिक कार्य के लिए स्वेच्छा अनुसार अनुदान देने की कृपा करें। यदि कोई दानी सज्जन यात्री निवास में कमरे के निर्माण हेतु 5 लाख रूपये या इससे अधिक की राशि दान देता है तो उसका नाम भवन परिसर में उचित स्थान पर अंकित किया जाएगा। यात्री निवास भवन के लिए अनुदान देने वाले सज्जनों का उचित विवरण रखा जाएगा और उनका नाम सभा द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका 'जाट लहर' में भी प्रकाशित किया जाएगा। इसके अलावा भवन निर्माण हेतू 11,000 रुपये या अधिक राशि देने वाले सभी दानी सज्जनों का अनुदान बोर्ड यात्री निवास परिसर में शीघ्र लगाया जा रहा है। भवन निर्माण की अनुदान राशि चैक, डिमांड ड्राफ्ट द्वारा 'जाट सभा चंडीगढ़' के पक्ष में जाट भवन 2–बी, सैक्टर 27–ए, मध्य मार्ग, चंडीगढ़ में भेजी जा सकती है अथवा आर.टी.जी.एस की मार्फत सीधे जाट सभा के बचत खाता नंबर 50100023714552, आईएफएससी कोड– एचडीएफसी 0001324 में ट्रांसफर की जा सकती है। अनुदान की राशि आयकर अधिनियम की धारा 80–जी के तहत आयकर से मुक्त है।

निवेदक : कार्यकारिणी जाट सभा चंडीगढ़/पंचकुला,
चौधरी छोटू राम सेवा सदन, कटरा, जम्मू


## सम्पादक मंडल

सरंक्षक एवं सम्पादक : डा. एम.एस. मलिक, आई.पी.एस. (सेवानिवृत)
**सह–सम्पादक** : डा॰ राजवन्तीमान
**साज सज्जा एवं आमुख** : श्री आर. के. मलिक
**प्रकाशन समिति** : श्री बी.एस. गिल, मो० : 9888004417
श्री जे.एस. ढिल्लो, मो० : 9416282798
**वितरक** : श्री प्रेम सिंह, कार्यालय सचिव, जाट भवन, चण्डीगढ़

**जाट भवन 2–बी, सैक्टर 27–ए, चण्डीगढ़**
फोन : **0172-5086180, M-9877149580**
Email: jat_sabha@yahoo.com; Website: www.jatsabha.org

सर छोटूराम जाट भवन, सैक्टर–6, पंचकूला
फोन : 0172–2590870, M-9467763337
Email: jatbhawan6pkl@gmail.com

चौधरी छोटू राम सेवा सदन, कटरा, जम्मू M-9320693332

Postal Registration No. CHD/0107/2024-2026

**RNI No. CHABIL/2000/3469**

*मुद्रक प्रकाशन एवं सरंक्षक सम्पादक डा. एम. एस. मलिक ने जाट सभा, चंडीगढ़ के लिए एसोशियटिड प्रिन्टर्ज़, चंडीगढ़, फोन : 0172–2650168 से मुद्रित करवा कर जाट भवन, 2–बी, मध्यमार्ग, सैक्टर 27–ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित किया।*